





# जन एक्सप्रेस


लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 335

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 21 सितंबर, 2024


# कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सली चला रहेः पीएम

## मोदी बोले, कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी, इन्हें गणपति से भी चिढ़, मैंने गणेश पूजा की, तो कांग्रेस बेचैन हो गई






**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अंदर देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी को टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सली चला रहे हैं। वे विदेश से बैठकर एजेंडे चलाते हैं। इन्हें अब गणपति बप्पा से भी चिढ़ होने लगी है। मैंने गणेश पूजा की तो कांग्रेस बेचैन हो गई। मोदी ने यह बातें महाराष्ट्र के वर्धा में एक रैली को संबोधित की। वे यहां पीएम विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। पीएम ने कहा- पुरानी सरकारों में कामगारों के हुनर को सम्मान नहीं मिलता था। कांग्रेस और उनके दोस्तों ने एसटी-एससी को दबाकर रखा। उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। हमारी सरकार ने स्किल मंत्रालय बनाया। पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। एक साल में इस योजना के तहत 8 लाख लोगों को स्किल ट्रेनिंग दी गई है।

### मोदी की स्पीच की 4 बड़ी बातें...

- गणपति उत्सव पर पीएम मोदी ने कहा, जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती। लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। दरअसल पीएम मोदी सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणपति पूजन करने गए थे। जिसका विपक्ष ने विरोध किया था।
- किसानों को लेकर पीएम ने कहा, महाराष्ट्र में दशकों तक कांग्रेस और बाद में महा विकास अघाड़ी सरकार ने कपास को महाराष्ट्र के किसानों की ताकत बनाने के बजाय उन्हें बदहाली में धकेला, किसानों के नाम पर राजनीति की और भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। 2014 में जब देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनी तो अमरावती में टेक्सटाइल पार्क का काम शुरू हुआ।
- दलितों-पिछड़ों पर कांग्रेस और उसके मित्रों ने जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आगे नहीं बढ़ने दिया। हमने सरकारी व्यवस्था से कांग्रेस की इस दलित-विरोधी और पिछड़ा-विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़े बताते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं।
- पाकिस्तान के बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ये वो कांग्रेस हैं जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। आज देश की सबसे बेईमान और भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कांग्रेस का शाही परिवार है। ये लोग विदेशी धरती से एजेंडे चलाते हैं। दरअसल पीएम मोदी ने हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि आर्टिकल 370 की बहाली पर पाकिस्तान और कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की राय एक है।

### मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण जाग उठा

पीएम मोदी ने कहा, देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कांग्रेस का शाही परिवार है। जिस पार्टी में हमारी आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा, वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती, लेकिन आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे, उसे पुलिस वैन में कैद करवा दिया। पूरा देश गणपति के इस अपमान को देखकर आक्रोशित है। मैं हैरान हूं कि इसपर कांग्रेस के सहयोगियों के मुंह पर भी ताला लग गया है। उन पर भी कांग्रेस की संगत का ऐसा रंग चढ़ा है कि उनमें गणपति के अपमान का विरोध करने की हिम्मत नहीं बची है। हमें एकजुट होकर कांग्रेस के इन पापों का जवाब देना है।

### विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे

पीएम मोदी ने विश्वकर्मा योजना के एक लाख लाभार्थियों को ऑनलाइन स्किल प्रमाण पत्र बांटे। 75 हजार लाभार्थियों को लोन बांटे। पीएम ने आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए 15 से 45 साल के युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। राज्य में करीब डेढ़ लाख युवाओं को हर साल मुफ्त कौशल विकास प्रशिक्षण मिलेगा। महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च की थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने भाषण में विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। एक महीने बाद 17 सितंबर को योजना लॉन्च की गई। सरकार छोटे कामगारों, कौशल वाले लोगों की आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए यह योजना लेकर आई। इस योजना से 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा हो रहा है। इसके लिए 13 हजार करोड़ का आउटले (फंड) बनाया गया।

### इन 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा पहुंचाया गया

1. कारपेंटर (बढ़ई) 2. नाव बनाने वाले 3. अस्त्र बनाने वाले 4. लोहार 5. ताला बनाने वाले (मरम्मतकार) 6. हथौड़ा और टूलकिट निर्माता 6. सुनार 7. कुम्हार 8. मूर्तिकार 9. मोची 10. राज मिस्त्री 11. टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाले 12. पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले 13. नाई 14. मालाकार 16. धोबी 17. दर्जी 18. मछली का जाल बनाने वाले।

### करीब 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को फायदा मिलेगा

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर वित्त वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक 13,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। योजना में देशभर में करीब 30 लाख पारंपरिक कारीगरों को फायदा मिलेगा। योजना के पहले चरण में कामगारों को 5% ब्याज दर से 1 लाख रुपए का लोन दिया जा रहा है। वहीं, अगले चरण में यह रकम 2 लाख रुपए कर दी जाएगी।

### आज की जरूरतों के हिसाब से स्किल ट्रेनिंग हुई

प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल विकास अभियान के तहत भी देश के करोड़ों नौजवानों की आज की जरूरतों के हिसाब से स्किल ट्रेनिंग हुई है। स्किल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत के कौशल को पूरी दुनिया में पहचान दिलानी शुरू कर दिया है। इसी साल फ्रांस में वर्ल्ड स्किल्स पर बहुत बड़ा आयोजन हुआ। इसमें भारत ने बहुत सारे अवार्ड आपने नाम किए हैं। हम देश भर में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित कर रहे हैं।

### कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी

उन्होंने कहा कि आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है जिससे कभी महात्मा गांधी जी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना इनकी पहचान बन गया है। आज देश की सबसे भ्रष्ट और बेइमान पार्टी कांग्रेस है।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति की जमानत याचिका खारिज, दुष्कर्म के मामले में जेल में काट रहे सजा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति को हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यह फैसला सुनाया। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस फ़ैज आलम ने यह फैसला सुनाया। प्रजापति ने मामले में सत्र अदालत से उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। साथ ही जमानत पर रिहा किए जाने की अर्जी भी दाखिल की थी। इस अर्जी पर 10 सितंबर को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था, जिसे शुक्रवार को सुना दिया गया।

## यूपी उपचुनावः अखिलेश ने सीएम योगी पर की तल्ख टिप्पणी
# 'सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें'

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा व भाजपा नेताओं के बयानों में तल्खी बढ़ गई है। इस बयानबाजी में पार्टी के अन्य नेता भी शामिल हो गए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक्स पर दिए गए एक बयान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाषा से पहचानिए असली संत महंत, साधु वेष में घूमते जग में धूर्त अनंत। इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होंने अखिलेश यादव से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आप कांग्रेस के मोहरा और राहुल गांधी के दरबारी बनने के बाद से भाषा की मर्यादा भूल गए हैं और आपकी बयानबाजी से केवल संपूर्ण संत समाज का ही नहीं प्रदेश की 25 करोड़ जनता का भी अपमान हो रहा है। ऐसे बयान के लिए आप सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगें। आपकी भाषा ही सपा को समाप्त वादी पार्टी बनायेगी। अखिलेश के इस बयान के बाद भाजपा के अन्य नेता भी सपा अध्यक्ष पर हमलावर हो रहे हैं। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि समाजवाद का चोला ओढ़े, घूम रहे जयचंद। संस्कार बोल रहे हैं, कौन है संत महंत। वहीं, भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि जातिवाद की राजनीति लोकतंत्र के मस्तक पर सबसे बड़ा कलंक है!

# धर्म परिवर्तन कराने वाला अरेस्ट

## झाड़ फूंक की आड़ में बनाता शिकार, इंजीनियर को शादी का लालच देकर सात लाख हड़पे



**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**

गाजियाबाद के वेवसिटी थाना क्षेत्र में सिविल इंजीनियर से लाखों की रकम ऐंठकर उसका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले मौलवी अब्दुल रहमान निवासी नीमखेड़ा, बुलंदशहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सिविल इंजीनियर का पत्नी से तलाक कराकर उसकी दूसरी शादी कराने की बात कहकर उसके मकान को बिकवाने का भी दबाव बना रहा था। पुलिस को धर्म परिवर्तन कराने और अपने धर्म को श्रेष्ठ बताने जैसे कई ऑडियो भी मिले हैं। डीसीपी ने बताया कि महिला ने 19 सितंबर को वेवसिटी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मौलवी अब्दुल उनके पति का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है। वह उनपर तलाक देने का दबाव बना रहा है और उनकी दूसरी शादी झारखंड की युवती से कराने की बात कह रहा है। उसकी बातों में आकर उनके पति भी जैसा वह कह रहा है, कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को कुछ ऑडियो मिले, जिसमे मौलवी खुद अपने धर्म को श्रेष्ठ बताकर दावा कर रहा है कि यदि उसने धर्म परिवर्तन कर लिया तो उसके सभी संकट दूर हो जाएंगे।

### पत्नी की चल रही डायलसिस, इसलिए तनाव में आ गए पति

महिला ने बताया कि उनकी किड़नी खराब है। इसलिए उनकी लंबे समय से डायलसिस चल रही है। इसलिए उनके पति भी मानसिक रूप से काफी समय से परेशान चल रहे हैं। पिछले दिनों उनको एक परिचित ने मौलवी के बारे में बताया। दावा किया कि मौलवी झाड़ फूंक और देशी दवा से सभी बीमारियों का इलाज करते हैं। आरोपी ने पहले कुछ दवाएं दीं। इसके बाद उसने उनके पति को अपने झांसे में ले लिया और उनको दिमाग बदलने का काम शुरू कर दिया। हालत यह हो गई थी कि उनके पति हर काम मौलवी से पूछकर करने लगे। अपने धर्म के रीति रिवाजों को उन्होंने छोड़ दिया और दूसरे धर्म को अपनाने की पूरा मन बना लिया। आरोपी उनसे सात लाख रुपये वसूल चुका था और उनके मकान को बिकवाने का दबाव बना रहा था। उसके कहने पर वह उनको व बच्चों को छोड़ने को तैयार कर हो गए थे। इस बारे में उनको जब पता चला जब मौलवी फोन पर उनसे इस बारे में बात कर रहा था और उन्होंने इसको सुन लिया।

## कुंदरकी विधानसभा उप चुनाव भाजपा जीतेगी
# यूपी की कानून व्यवस्था सबसे बेहतरः अरुण सिंह

**जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने दावा किया उत्तर प्रदेश में देश की अच्छी कानून व्यवस्था है। यहां अपराधियों के खिलाफ त्वरित और ठोस ढंग से कार्रवाई होती है। इसी कारण माफिया गिरोहों पर लगाम लगी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दिल्ली रोड स्थित एक शिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर आधारित एक सेमिनार में भाग लेने आए थे। यहां पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि भाजपा कुंदरकी उपचुनाव अवश्य जीतेंगी। इसका आंकलन करने के लिए वह कुंदरकी क्षेत्र में गए थे। उप चुनाव में जनता को सिर्फ सपा के डरावने शासन की याद दिलाने की जरूरत है। पहले सपा शासन में यह प्रदेश दंगा प्रदेश माना चाहता था। सौ से अधिक दंगे हुए थे। बहन बेटियों का रोड पर चलना मुश्किल हो गया था। योगी राज आने पर अपराधी जेल में हैं। कोई अपराध होने पर अपराधियों के खिलाफ दो स्तर से कार्रवाई होती है। जेल भेजने के बाद आर्थिक रूप से भी अपराधियों का मनोबल तोड़ने की कार्रवाई होती है। बुलडोजर के सवाल पर भाजपा नेता अटक गए। एक अन्य सवाल के जवाब में भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया लोकसभा की सीटें कम होने के कई कारण थे। विपक्ष ने झूठ का भ्रम फैलाया था। कांठ की हांडी सिर्फ एक बार चढ़ती है, बार बार नहीं। बसपा भी लोकसभा में चुनाव नहीं लड़ सकी। अब जनता सपा और कांग्रेस के झूठ को जान चुकी है। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो दलितों के साथ कई जघन्य अपराध हुए थे। उस समय राहुल गांधी एक ट्वीट नहीं करते थे। प्रियंका गांधी बगल से निकल जाती थी। अब यूपी में कांग्रेस को अपराध नजर आ रहा है।

### जगन मोहन की सरकार अनैतिक थी

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव का आरोप है कि आंध्र प्रदेश में जगन मोहन की सरकार अनैतिक थी। उन्होंने मंदिरों के साथ काफी भेदभाव किया। वर्तमान मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू ने प्रसाद में चर्बी का मामला उठाया है तो सही होगा। एक मुख्यमंत्री काफी सोच समझकर किसी मुद्दे को उठाता है। इस दौरान भाजपा विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि भाजपा से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## रिपोर्ट: यीडा ने की बिल्ड-अप हाउसिंग स्कीम की शुरुआत, 21 लाख से 45 लाख के बीच अपने फ्लैट की करा सकेंगे बुकिंग

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और इंटरनेशनल फिल्म सिटी के करीब 'अपने घर' का सपना पूरा कर रही योगी सरकार

- स्कीम के तहत यीडा क्षेत्र के सेक्टर 22डी में 1 बीएचके और 2 बीएचके समेत कुल 1239 फ्लैट्स की हो रही है बुकिंग
- पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी फ्लैट्स की बुकिंग, पसंद के हिसाब से फ्लैट बुक करा सकेंगे आवेदक
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी और एमएसएमई व टॉय पार्क से नजदीकी का मिलेगा लाभ
- एफ-1 और मोटोजीपी रेस ट्रैक, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और हैंडीक्राफ्ट पार्क से भी होगी कनेक्टिविटी

**जन एक्सप्रेस। ग्रेटर नोएडा**



दिल्ली एनसीआर में रहना हर किसी का सपना होता है और अगर वो घर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और टॉय पार्क जैसे बड़े डेस्टिनेशंस के पास हो तो कहना ही क्या। योगी सरकार प्रदेश के ऐसे ही लोगों का सपना पूरा कर रही है। लोगों को इन डेस्टिनेशंस के पास न सिर्फ अपना फ्लैट खरीदने का अवसर मिलेगा, बल्कि यहां मिल रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है और वो भी अपेक्षाकृत कम पैसों में। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर 22डी में बिल्ट अप हाउसिंग स्कीम लांच की है, जिसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर फ्लैट्स बुक किए जा सकेंगे। इस स्कीम की शुरुआत 19 सितंबर को हुई है और स्कीम बंद होने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। इसके तहत 21 लाख से 45 लाख रुपए तक में वन बीएचके से लेकर 2 बीएचके फ्लैट बुक किए जा सकेंगे।

### चॉइस के आधार पर कर सकेंगे बुकिंग

खास बात ये है कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आवेदकों को उनकी चॉइस के आधार पर डायरेक्ट अलॉटमेंट प्रदान किया जाएगा। इसमें 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी भारतीय आवेदन कर सकता है। हालांकि, यीडा क्षेत्र में पहले किसी स्कीम में रेजीडेंशियल फ्लैट पा चुके लोग आवेदन नहीं कर सकेंगे। वहीं, यीडा क्षेत्र के ऐसे किसान जिनकी जमीन विकास कार्यों के लिए अधिग्रहीत की गई है, उन्हें इस स्कीम में 17.5 प्रतिशत का रिजर्वेशन प्रदान किया जाएगा।

### तीन कैटेगरीज में उपलब्ध होंगे फ्लैट्स

स्कीम के तहत तीन कैटेगरी में कुल 1239 फ्लैट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। पहली कैटेगरी अफोर्डेबल हाउसिंग की है। इसमें 29.76 स्क्वायर मीटर सुपर एरिया और 21.62 स्क्वायर मीटर कारपेट एरिया के कुल 276 वन बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध होंगे। इसके ग्राउंड फ्लोर फ्लैट की कीमत 23.37 किमी., जबकि फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड फ्लोर पर फ्लैट की कीमत 20.72 लाख है। इसी तरह, दूसरी कैटेगरी में 713 वन बीएचके फ्लैट्स होंगे, जिनका सुपर एरिया 54.75 स्क्वायर मीटर और कारपेट एरिया 36.97 स्क्वायर मीटर होगा। यह सभी फ्लैट 33.05 लाख में उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, तीसरी और अंतिम कैटेगरी में 2 बीएचके फ्लैट होंगे, जिनकी कुल संख्या 250 है। 99.85 स्क्वायर मीटर सुपर एरिया और 64.72 स्क्वायर मीटर कारपेट एरिया वाले इन फ्लैट की कीमत 45.09 लाख रुपए है।

### इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस के साथ होगी कनेक्टिविटी

इस रेजीडेंशियल स्कीम की सबसे खास बात इसकी लोकेशन है। यह स्कीम सेक्टर 22डी में लांच की गई है, जो कि जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल से काफी करीब है। इसी तरह, इंटरनेशनल फिल्म सिटी भी इसके काफी करीब है। यही नहीं, डेडिकेटेड एमएसएमई, एमडीपी अपैरल, हैंडीक्राफ्ट और टॉय पार्क से भी इसकी कनेक्टिविटी होगी। यह लोकेशन यमुना एक्सप्रेसवे के बेहद क्लोज है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) भी इसके काफी करीबप है। ये स्कीम उन लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, जो एफ-1 और मोटो ग्रैंप्रि जैसे खेलों के मुरीद हैं, क्योंकि यहां से उन्हें एफ-1 और मोटो ग्रैंप्रि ट्रैक रेस (बुद्ध सर्किट) की दूरी भी काफी कम है। इन सभी इंटरनेशनल डेस्टिनेशंस को कनेक्ट करने के लिए योगी सरकार ने यहां जो सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, उसका लाभ यहां फ्लैट लेने वाले लोगों को भी मिल सकेगा। इच्छुक आवेदक यीडा की वेबसाइट पर जाकर ब्रोशर को निर्धारित फीस अदा करके डाउनलोड कर सकते हैं।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 27°C |
| कानपुर | 33°C | 27°C |
| देहरादून | 31°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# 15 दिन में प्रस्तुत करें निर्माण कार्यों की ताजा रिपोर्ट: पाठक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* तय समयसीमा में पूरा करें सभी कार्य, डिप्टी सीएम ने कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों को दिए निर्देश
* कहा, लापरवाही बर्दाश्त नहीं, चिकित्साधिकारी भी अपने जिलों में निर्माण कार्यों की प्रगति देखें

नवीन अस्पतालों के निर्माण एवं अस्पताल परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अफसरों की जिम्मेदारी तय की जाएं। शुक्रवार को एनेक्सी सभागार में आहूत बैठक में यह निर्देश उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य में कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों को दिए।

उन्होंने कहा कि जिन जिलों में निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां चिकित्साधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा व गुणवत्ता की जांच करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 15 दिनों में निर्माण संस्थाओं के प्रमुख संबंधित निर्माण कार्यों की ताजा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तय समयसीमा पर ही निर्माण कार्य पूरे होने चाहिए। उन्होंने बहराइच, आगरा, अयोध्या, प्रयागराज, जालौन, बस्ती, कानपुर, गोरखपुर, शाहजहांपुर, जौनपुर, आजमगढ़, अंबेडकर नगर सहित अन्य जिलों में संचालित विकास कार्यों की स्थलीय रिपोर्ट पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, सचिव श्री रंजन कुमार, विशेष सचिव अर्चना वर्मा, डीजी मेडिकल हेल्थ ब्रजेश सिंह राठौर, डीजी एमई किंजल सिंह सहित आवास विकास परिषद, राजकीय निर्माण निगम, सीएनडीएस, आरईएस, राज्य निर्माण सहकारी संघ, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के आला अधिकारी उपस्थित रहे।



## नव भारतीय किसान संगठन (अरा.) पदाधिकारीयों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर सदर सीटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत सैरपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ सीतापुर हाइवे रोड सब्जी मंडी के पास नव भारतीय किसान संगठन (अरा.) किसान यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल शुक्ला अन्य पदाधिकारीयों द्वारा 15 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन लखनऊ सदर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। बता दे कि इस धरना प्रदर्शन में किसान यूनियन के किसान नेता एवं महिलाएं शामिल थे, नव भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मला शुक्ला ने बताया कि किसानों की 15 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया हैं इन मांगों में कई समस्याएं हैं जिनमें जमीन कब्जे व अन्य समस्याएं शामिल हैं जिस पर जांच कर प्रशासन कार्यवाहीं करें। धरना प्रदर्शन के दौरान बीकेटी उपजिलाधिकारी सतीश चन्द्र त्रिपाठी व बीकेटी एसीपी ने किसानों से बात की। वहीं बीकेटी उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि धरना प्रदर्शन में किसानों द्वारा जो ज्ञापन दिया गया है उसमें बीकेटी तहसील क्षेत्र की जो समस्या हैं 14 से 15 शिकायतों का ज्ञापन किसानों द्वारा मिला उसे पर काम किया जायेगा। वहीं सैरपुर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस बल शांति व्यवस्था हेतु तैनात व सतर्क दिखाई दिया।



## सैरपुर पुलिस टीम ने गुमशुदा लडकी को सकुशल तलाश कर, परिजनों से मिलवाया

* लड़की से मिलने पर परिजनों के खिले चेहरें, पुलिस की प्रशंसा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के सैरपुर थाना क्षेत्र में गुमशुदा लड़की के परिजनों द्वारा सूचना दी गयी कि पुत्री उम्र करीब 22 वर्ष घर से नाराज होकर बिना परिजनों को बतायें कहीं चलीं गईं हैं पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी प्रकरण संख्या 13/2024 पंजीकृत कर लड़की के सकुशल बरामदगी को लेकर जितेन्द्र कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष सैरपुर द्वारा उ0नि0 कुलदीप सिंह बालियान को निर्देशित किया पुलिस बल के सहयोग से पुलिस ने गुमशुदा लड़की उम्र 22 वर्ष को कुछ समय में ही सकुशल बरामद कर परिजनों (माता पिता) के सुपुर्द कर गुमशुदा के माता पिता अपनी बेटी को पाकर सैरपुर पुलिस को धन्यवाद देते हुए बहुत प्रसंश की और बेटी को लेकर आपने घर चलें गए।




## रोली रालोद में शामिल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य व आगरा दक्षिण से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही रोली मिश्रा तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के साथ दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोक दल के केंद्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह से भेंट कर राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण कर ली।चौधरी जयंत सिंह ने रोली मिश्रा तिवारी का स्वागत करते हुए कहा कि तेज तर्रार नेत्री के जुड़ने से पार्टी को मज़बूती मिलेगी तथा उनके राजनैतिक अनुभव से नारी शक्ति व पार्टी निश्चित तौर पर लाभान्वित होगी पार्टी शीघ्र ही उन्हें अहम ज़िम्मेदारी देगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उषा बाजपेयी समेत सात को मीराबाई सम्मान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय भौतिक विज्ञान संकाय की अवकाश प्राप्त आचार्य एवं भजन गायिका प्रो. उषा बाजपेयी, पुणे की भजन गायिका भवतारिणी सुन्दरम् अय्यर समेत सात महिलाओं को इस वर्ष का मीराबाई सम्मान प्रदान किया जाएगा। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले इस सम्मान की घोषणा शुक्रवार को संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में की गई। यह सम्मान 16 अक्टूबर को वृन्दावन के रमण रेती परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में मीराबाई जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मीरा गिरधर प्रेम दीवानी में दिया जाएगा।संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2024 का मीराबाई संगीत सम्मान पुणे की वरिष्ठ लोक गायिका भवतारिणी सुन्दरम अय्यर, मेरठ की नीता गुप्ता, लखनऊ की सौम्या गोयल, अंजलि सिंह, मधु श्रीवास्तव व प्रो. उषा बाजपेयी को तथा मीराबाई युवा संगीत साधक सम्मान यूएस में भारतीय संगीत का प्रचार प्रसार व संवर्द्धन कर रहीं सुश्री भावना गरवाल को दिया जाएगा। मीराबाई जयंती शरद पूर्णिमा को मनायी जाती है। इस उपलक्ष्य में होने वाला यह दो दिवसीय आयोजन ब्रज क्षेत्र में होगा।

### आशा बहुओं का जिला अधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उच्च अधिकारियों को दी गई नोटिस के क्रम में आज जनपद मुख्यालयों पर आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की अध्यक्ष कुसुम लता यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन भेजा गया। राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम को संयुक्त परिषद का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। आशाएं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के साथ जुड़ी हुई है। आशाओं ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का काम आशाओं को वापस दिया जाने, आशाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए 18000 का मानदेय दिए जाने, संगिनी के लिए स्कूटी दिए जाने, 10 लाख का बीमा कराए जाने, क्षेत्र में कार्य करने के लिए कमरे की व्यवस्था किए जाने ,एएनएम प्रशिक्षण में वरिष्ठ के आधार पर सीधे प्रवेश दिए जाने, आदि मांगों को लेकर आज प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों के माध्यम से उप मुख्यमंत्री , स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरूणा शुक्ला ने आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के धरना प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए लखनऊ में अवगत कराया है कि जनपद सुलतानपुर की आशाओं ने कुसुम लता यादव एवं सरला सिंह के नेतृत्व मे जोरदार किया । जौनपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, हमीरपुर ,ललितपुर, महोबा, मुरादाबाद ,रामपुर, बरेली, बिजनौर, सहारनपुर, महाराजगंज जनपदों से भी ज्ञापन भेजे जाने की सूचना मुख्यालय पर प्राप्त हुई है। आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुम लता यादव ने अवगत कराया है कि यदि शासन ने आशाओं की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो 25 अक्टूबर को राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के आवाहन पर प्रदेश भर से 10000 से अधिक आशाएं धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करेंगी।

### स्वस्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश विषयक लघु नाटक का मंचन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम लखनऊ द्वारा अपने परिसर में आज 20 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से ''स्वस्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश'' विषय पर पर व्याख्यान गोष्ठी एवं मण्डल स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता तथा स्वच्छता पर आधारित एक ''एक इरादा'' लघु नाटक का मंचन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ आनन्द ओझा ने बताया कि साहित्य में वर्णित स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों में अन्वेषण विश्लेषण हेतु कदम उठाये जाने की आवश्यकता है हिन्दी ग्रन्थों जैसे रामायण, रामचरितमानस, महाभारत, वैदिक ग्रन्थों में स्वास्थ्य सम्बन्धी तथ्यों के संकलन की एवं वैज्ञानिक उपयोगिता पर विचार एवं शोध की आवश्यकता है। डॉ अनिल मिश्रा, पूर्व सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि विकास और स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं। विकास की राह स्वास्थ्य के आंगन से ही निकलती है। स्वास्थ्य का आयाम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य तक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वतन्त्रता की सौवीं जयन्ती तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, जिसके लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ दृढ़ संकल्पित हैं। डॉ केवल कृष्ण ठकराल पूर्व निदेशक आयुर्वेद विभाग, ने बताया कि ईश्वर ने मनुष्य को दो चीजें दी हैं यथा शरीर और मन, इन दोनों के स्वास्थ रहने पर ही कोई व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है। डॉ जगन्नाथ पाण्डेय ने बताया कि आहार विहार और विचार शुद्ध रखकर रोगों से बचा जा सकता है।

## जनता दरबार में उठा बिजली महकमे की भर्तियों का मुद्दा

* युवाओं ने की मुख्यमंत्री के ओएसडी से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

युवा मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में मुख्यमंत्री के जनता दरबार पहुंचे युवाओं ने बिजली महकमे में 72 हजार सृजित पदों में से आधे से ज्यादा खाली पदों को तत्काल विज्ञापित करने का मुद्दा उठाया है। युवाओं के प्रतिनिधियों ने ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में सीएम योगी आदित्यनाथ के ओएसडी से मुलाकात कर उन्हें पत्रक सौंपा। ओएसडी ने युवाओं की मांगों को वाजिब बताते हुए मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया गया। ई. राम बहादुर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या 655-अरा-09(अ)/पाकालि/2024-17-एनजीए/2024 दिनांक 07 अगस्त 2024 में बी ग्रुप लोक सेवा आयोग एवं सी ग्रुप की भर्तियां अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से कराने का प्रस्ताव है। ऐसे में इस शासनादेश को रद्द किए बिना ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) मेरिट से शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का विद्युत सेवा आयोग से साक्षात्कार कराया जाना संभव नहीं है। ऐसे में इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है कि गेट मेरिट लिस्ट में शामिल अभियंताओं को संविदा के तहत विभाग भर्ती करे। उन्होंने कहा कि गेट मेरिट लिस्ट से बिजली महकमे में अभियंताओं को चयनित करने का निर्णय उन अभ्यर्थियों के अहित में है जो बिजली महकमे में भर्ती परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे हैं क्योंकि विद्युत सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा व गेट परीक्षा का स्तर अलग-अलग है। ऐसे में कुछेक महीने बाद प्रस्तावित गेट परीक्षा के लिए बिजली महकमे में विद्युत सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के पास पर्याप्त वक्त भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली महकमे के जानकार बताते हैं कि 90 दशक में सृजित पदों की संख्या एक लाख से ज्यादा थी। 30 साल से ज्यादा की अवधि में उत्पादन, पारेषण व वितरण क्षमता में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में नये पदों के सृजन की आवश्यकता है जिससे सुचारू ढंग से बिजली का वितरण व पारेषण हो। सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावनाएं हैं। सरकारी उपेक्षा का नतीजा है कि जो सृजित पद हैं उसमें भी आधे से ज्यादा रिक्त हैं। मांग की कि प्राथमिकता के आधार पर तकनीशियन, क्लर्क व अवर सहायक अभियंता के पदों को भरा जाए। बताया कि रोजगार अधिकार अभियान में इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। इस मौके पर युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल, मनोज,अनूप पांडे, अनुभव सिंह पटेल, संदीप निराला, योगेश मौर्य, शिवदत्त पटेल, आशीष सिंह, शिवमंगल आदि शामिल रहे।

## समाजवादी महिला सभा की बैठक में बनी मतदाता सूची में सुधार की रणनीति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लखनऊ पर महिला सभा की मासिक बैठक महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि रूप में महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव रहीं। राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी, जिला उपाध्यक्ष,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, प्रदेश सचिव महेश लोधी, बचान सिंह यादव, मीडिया प्रभारी रमेश सिंह रवि मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, नामों में संशोधन एवं गलत नामों को कटवाने के निर्देश दिये। महिला सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति करके सेक्टर एवं बूथों को और अधिक मजबूत किया जायेगा। महिला जिला कमेटी द्वारा विधानसभाओं की बैठकें प्रत्येक माह में करके आम जन को पार्टी की नीतियों से अवगत कराना नितान्त आवश्यक है। महिला सभा की बैठक में मुख्य रूप से महिला सभा राष्ट्रीय सचिव मधु यादव, प्रदेश सचिव दीप शिखा, निशा यादव, शालू जौहरी, अनीता श्रीवास्तव, प्रिया जिला महासचिव सुमन रावत, जिला उपाध्यक्ष सुषमा निर्मल, ममता रावत, विमला रावत, सरोजनी अम्बेडकर, सुप्रिया सिंह यादव, रेखा यादव, नगर अध्यक्ष मुन्नी पाल, जिला सचिव सुनीता यादव, रजनी पटेल, चांदनी चौरसिया, प्रीती यादव, लक्ष्मी यादव, शैलेश यादव, सीमा यादव के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## समाज कल्याण निदेशालय पर संविदा शिक्षकों का धरना तीन अक्टूबर को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण निदेशक की वादा खिलाफी से नाराज राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के संविदा शिक्षकों ने एक बार पुनः आंदोलन का मन बना लिया है। विगत माह आश्रम पद्धति विद्यालय के संविदा शिक्षकों ने निदेशालय पर धरना प्रदर्शन की नोटिस दिया था। उस समय विभागीय उपनिदेशक ने सभी शिक्षकों का नवीनीकरण 30 अगस्त तक करने का आश्वासन दिया था। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बीच बचाव करते हुए एक सप्ताह के लिए आंदोलन स्थगित करा दिया था, परंतु अभी तक समाज कल्याण निदेशालय से कई विद्यालय के शिक्षकों तथा जनजाति विकास विभाग में कार्यरत संविदा शिक्षकों का संविदा नवीनीकरण नहीं किया गया है।

## विधानसभा उप-निर्वाचन: रिटर्निंग अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

* उप-निर्वाचन का सुचारू एवं सफल आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता-रिणवा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत विधानसभा उप-निर्वाचन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ के सभा कक्ष में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचनअधिकारी नवदीप रिणवा ने की, जिसमें 10 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अहम पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री रिणवा ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि उप-निर्वाचन का सुचारू और सफल आयोजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता और निष्पक्षता से करना होगा। विधानसभा उप-निर्वाचन के तहत मीरापुर मुजफ्फरनगर, कुन्दरकी मुरादाबाद गाजियाबाद गाजियाबाद, खैर अ.जा. अलीगढ़, करहल मैनपुरी सीसामऊ कानपुर नगर,फूलपुर प्रयागराज, मिल्कीपुर अ.जा. अयोध्या कटेहरी अम्बेडकरनगर तथा मझवां मिर्जापुर निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव संभावित हैं। अधिकारियों को नामांकन, दस्तावेज़ों की जांच, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन, डाक मतपत्र, ईटीपीबीएमएस इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन ऑफ पोस्टल बैलट सिस्टम, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मतगणना के बारे में व्यापक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें रिटर्निंग अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।




## देश में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा यूपी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

देश में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश एवं प्रदेश के पेट्रोलियम वैज्ञानिकों एवं बायो केमिकल इंजीनियरो के शोध एवं अनुसंधान की मदद से देश जल्द ही आत्मनिर्भर होने की दिशा में अग्रसर है। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को प्रदेश के जायस, अमेठी, स्थित राजीव गाधी पेट्रोलियम टेक्नोलाजी संस्थान द्वारा अयोजित विद्यार्थी कैमिकल इंजीनियरिंग कॉलेज स्कॉमकॉन- 2024 के उदघाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने कार्यक्रम को वर्चुवल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही।श्री शर्मा ने एक उच्च पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी के अपने विगत अनुभवों एवं प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के वर्तमान अनुभवों को साझा करते हुये देश एवं प्रदेश में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा के क्षेत्र में आने वाले समय एवं आवश्यकताओं के अनुरूप महत्वपूर्ण शीर्ष सुझाव दिये। पेट्रोलियम पदार्थो के आयात के कारण देश की महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा व्यय होती है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यात्रिक अभियता सी०एण्डडब्ल्यू० लखनऊ के द्वारा ई टेंडर राख्या 219-MECH-CW-TWA-LKO के अतर्गत खुली निविदाए आमत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 14.10.2024, 15:00 है जो उसी दिन 15.30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेडंर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नही होंगे। टेडर से सबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दे कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | प्रोविजन ऑफ टेम्परेरी वाटरिंग अरेंजमेंट एट फाफामऊ (पीएफएम), फूलपुर (पीएलपी), जंघई (जेएनएच), (अरखा) अरका एण्ड प्रयाग (पीआरजी) स्टेशन्स ओवर लखनऊ डिवीजन एन आर डयूरिंग कुम्भ–2025। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बन्द होने की दिनांक एवं समय | 14/10/2024 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 21/09/2024 |
| प्री–बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नॉट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रू) | Rs. 89,85,497.50 (Excluding GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फॉर ईच शड्यूल आइटम | बिडिंग युनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रू) | 1,79,700.00 | आफर की वेधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रू) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 75 दिन |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 30.09.2024 | | |

219–MECH-CW-TWA-LKO दिनांक: 20.09.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2936/24

## भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* आपदा के समस्या से निपटने के बताए गए उपाय

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज 20 सितम्बर को प्रदेश के 35 भूकम्प आपदा के प्रति संवेदनशील जनपदों के साथ भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज़ का आयोजन किया गया।मॉक एक्सरसाइज़ सुबह 10 बजे राज्य नियंत्रण कक्ष से शुरू हुआ। अलर्ट मिलने पर सभी जनपदों ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र डीईओसी में अपने मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी को सक्रिय किया और घटना प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय किया। जनपदों ने विभिन्न स्थानों पर भूकंप से संबंधित परिदृश्यों जैसे आग लगने और रासायनिक रिसाव के लिए प्रतिक्रियाओं का अनुकरण किया जिसमें स्कूल अस्पताल औद्योगिक इकाइयाँ सरकारी भवन और शॉपिंग मॉल शामिल थे। जनपदों में भूकम्प के दौरान स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को कैसे सुरक्षित बचते हुए बाहर निकल जाये का अभ्यास किया। स्कूल औद्योगिक इकाइयों फैक्ट्री शासकीय भवन एवं शॉपिंग मॉल में अग्नि दुर्घटना होने पर आग बुझाने सुरक्षित निकासी का भी अभ्यास किया गया। जनपद के अस्पतालों में प्राथमिक चिकित्सा उपचार मरीजों के लिए बेड की कमी होने पर तत्काल अस्थाई मेडिकल कैंप की स्थापना कर मरीजों का उपचार करने की कार्यवाही का प्रदर्शन किया गया। इस मॉक एक्सरसाइज़ का संचालन एवं समन्वय ब्रिगेडियर अजय गंगवार वरिष्ठ सलाहकार ने किया। मॉक एक्सरसाइज़ के दौरान जनपदों ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल राजस्व विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राज्य आपदा मोचन बल अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं पुलिस एंव वायरलेस सेवाए नागरिक सुरक्षा विभाग औद्योगिक क्षेत्रों के सेफ़्टी टीम आपदा मित्रों के समन्वय से जनपदों में सम्पन्न कराया। गाज़ियाबाद में एनडीआरएफ 8 वी वाहिनी की टीम ने भूकम्प आपदा के कारण भवनों के गिरने पर बचाव एवं निकासी पर प्रदर्शन दिखाया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिम्री ने ऑनलाइन माध्यम से सभी 35 जनपदों द्वारा की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा की एवं जनपद मेरठ में विभिन्न स्थानों पर उपस्थित होते हुये संचालित मॉक एक्सरसाइज़ संबंधी कार्यवाहियों का निरीक्षण भी किया गया। उपाध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन की कार्यवाहियों को सुदृढ़ करने हेतु जनपदों के साथ मॉक एक्सरसाइज कराया जाता है, जिसके माध्यम से राज्य स्तर पर प्रत्येक विभाग और उसके जिलों की आपदा प्रबंधन योजना की समीक्षा की जाती है तथा जिले में आपातकालीन सहायता कार्यों के बीच समन्वय का निरीक्षण किया जाता है।

# अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

**✻ शिक्षा ज्ञान, संस्कार व मूल्य आधारित हो: कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने समारोह में छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय सभ्यता में ज्ञान परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने में सदैव गुरुकुलों एवं विश्वविद्यालयों का रहा है। इसमें समाज के निर्माण एवं संवर्धन में विश्वविद्यालयों ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। संस्कृति, ज्ञान एवं परंपरा के संरक्षक एवं विभिन्न कालों में नवीन परम्पराओं के संवाहक एवं नवोन्मेष शोध केंद्र के रूप में ये समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य रहे हैं। कुलाधिपति ने कहा कि स्वर्णपदक छात्र-छात्राओं से कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिदिन छात्राएं आगे बढ़ रही है। इनमें छात्राओं की संख्या काफी है। समाज के सर्वांगीण विकास एवं सशक्त बनाने में इनकी भूमिका बढ़ जाती है। समारोह में राज्यपाल ने कहा कि आपकी सफलता में आपके माता-पिता, गुरूओं की विशेष भूमिका होती है। आप सभी भारत के सबसे युवा एवं सबसे बड़ी पूंजी है। भारत युवा देश में से एक है। हमारी पचपन प्रतिशत से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवे स्थान पर है। वर्ष 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। देश के प्रधानमंत्री जी 2047 तक एक राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसलिए हम सभी के पास स्वर्णिम अपार संभावनाएं है। बल्कि उसके अनुरूप परिस्थितियां भी है। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का वर्षगाठ बनायेगा। भारत का समृद्ध गौरवशाली इतिहास सदैव गौरान्वित करती रहती है।

समारोह में राज्यपाल ने कहा कि भारत एक समृद्ध विरासत का राष्ट्र है, और इसका ध्वजवाहक आपको ही बनना है। अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए आगे कठिन परिश्रम करें। भारत सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल की सौ दिन की रिर्पोट में मुद्रा लोन की धनराशि बढाकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कुलाधिपति ने कहा कि प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्य करें। अयोध्या अपनी पुरातन संस्कृति के




साथ सज-धज रही है। रेलवे स्टेशनों को पूर्नोधार किया गया। वंदे भारत टेऊेनों का संचालन किया जा रहा है। यहां पर पर्यटन होटल धर्मनगरी के रूप में अयोध्या विकसित हो रही है। दुनिया के विश्वविद्यालय अब भारत में अपने केन्द्र खोल रहे हैं। भारत विश्व की अर्थव्यवस्था पांचवे से तीसरे स्थान की ओर अग्रसर हैं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो शिक्षित होने के साथ आत्मनिर्भर भी बनाये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति संचालित पाठ्यक्रमों का संचालन अवध विश्वविद्यालय कर रहा है।

समारोह में राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने विश्वविद्यालय को पीएम उषा के तहत 100 करोड़ अनुदान दिया है जिससे शिक्षा के संसाधनों को विकसित किया जा सके। समारोह में कुलाधिपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सत्र ने 2021-22 से स्नातक स्तर पर तथा सत्र 2022-23 से परास्नातक स्तर पर विज्ञान, वाणिज्य तथा कला एवं मानविकी संकायों के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया गया और जिसके त्रि वर्षीय स्नातक एवं परास्नातक के प्रथम बैच सत्र 2023-24 में सफलता पूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के परिणाम संतोषजनक रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर के शोधार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापरक शोध को प्रोत्साहित करने हेतु विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-2025 से ''शोध एवं विकास नीति'' को क्रियान्वित किया है। उक्त के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ शोध पुरस्कार, सीडग्रांट को उपलब्ध कराना, गुणवत्ता युक्त शोध पत्रों हेतु नगद पुरस्कार, शोध छात्रों के लिए फेलोशिप, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के आयोजन हेतु तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रतिभाग करने हेतु वित्तीय सहायता इत्यादि सुविधाएं प्रदान किए जाने संबंधी प्रावधानों का समावेश विश्वविद्यालय परिसर के शोधार्थियों तथा शिक्षकों के शैक्षणिक विकास के लिए सुनिश्चित किया गया है।समारोह में राज्यपाल ने कहा कि छात्राएं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही हैं। सत्र 2023-24 की परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले 200218 विद्यार्थियों में छात्राओं का प्रतिशत 55 है, और आज के दीक्षांत समारोह में संबंधित पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंको से उत्तीर्ण होने वाले 116 प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण पदकों मे से 65 स्वर्ण पदक छात्राओं को प्राप्त हुए हैं, जो 64 प्रतिशत है। बालिकाओं का इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल प्रसंशनीय है बल्कि स्वागत योग्य होने के साथ समाज के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के आह्वान का एक सुन्दर एवं सुखद संदेश है। अन्त में राज्यपाल ने सभागार में उपस्थित स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी कहा कि आप अपने ज्ञान, संस्कार व मूल्य आधारित ज्ञान एवं चेतना से देश व समाज की निस्वार्थ सेवा करेंगे।

# बसावनपुर गाँव के किसान की बेटी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**✻ माता पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से मिली है सफलता: शालू वर्मा**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय के 29 वे दीक्षांत समारोह में माँ तिलेसरा देवी पी0जी0 कालेज भसडा टांडा अंबेडकरनगर मे वर्ष 2024 में उत्तीर्ण करने वाली छात्रा शालू वर्मा पुत्री सुरेंद्र कुमार वर्मा को कुलाधिपति और कुलपति ने किया गोल्ड मेडल से सम्मानित किया है द्य शालू वर्मा ने एम0ए0 संस्कृत विषय में (सर्वाधिक अंक 1799/1900) ने विश्वविद्यालयीय परीक्षा वर्ष 2024 में प्राप्त किया था द्य और अपने विषय में विश्वविद्यालय की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर यह सम्मान मिला है द्य शालू वर्मा ने इस सफलता श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद और गुरूजनो के कुशल निर्देशन को दिया है द्य आज मुझे जो सम्मान मिला है वह मेरे लिए बड़े ही गौरव की बात है द्य प्रबंधक श्रीमती तारा देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के शिक्षकों की मेहनत से ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित इस महाविद्यालय के लिए इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है द्य अभिभावको के लिए भी एक सुनहरा अवसर है अपने बच्चो को प्रेरित करते है उसी का परिणाम है कि जो भी छात्र छात्राए महाविद्यालय परिवार में अध्ययन कर रही है उनका भविष्य उज्ज्वल है। प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह से माँ तिलेसरा देवी पी जी कालेज के शिक्षकों और शिक्षिकाओं द्वारा बच्चो विषय के प्रति गम्भीरता के साथ विषय को बताया जाता है वह बच्चो को भलीभाँति समझ में आता है द्य ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित महाविद्यालय के छात्र / छात्राओ के लिए शालू वर्मा को यह गोल्ड मेडल मिलना एक बेहतरीन प्रेरणा का कार्य करेगी।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं सहायता उपकरण शिविर का होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** 27 सितंबर को कारसेवक पुरम मे श्रद्धेय अशोक सिंहल की 98 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अशोक सिंहल फाउण्डेशन द्वारा चतुर्थ नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं सहायता उपकरण वितरण शिविर का होगा आयोजन।शिविर में असहाय दिव्यांगो को कृत्रिम हाथ पैर, कैलिपर, तिपहिया- साईकल, श्रवण यंत्र, बैसाखी तथा व्हीलचेयर आदि नि:शुल्क किया जाएगा वितरण। अयोध्या जनपद एवं पास पड़ोस के जिलों के दिव्यांग,माता बहनो की सेवा के लिए पिछले तीन वर्षों में 3000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के माध्यम से नि:शुल्क रक्त, श्वष्टत्न, 瀀एवं मधुमेह की जाँच भी की जाएगी तथा फिजिशियन चिकित्सकों का एक दल भी 5 दिन तक यहाँ सेवा देगा। अशोक सिंघल नेत्र चिकित्सा संस्थान के माध्यम से शिविर में नि:शुल्क नेत्रों की जाँच कर उनको चश्मे भी किए जाएगे वितरित।अशोक सिंघल फाउंडेशन एवं विश्व हिंदू परिषद और भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर के सहयोग से 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक उपकरण वितरित शिविर का होगा।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य का अयोध्या दौरा: पीएम विश्वकर्मा योजना के लाइव प्रसारण में शामिल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 25 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र और 5 लाभार्थियों को चेक प्रदान किए।उपमुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं के महत्व पर जोर देते हुए मेहनत करने की प्रेरणा दी।पिछले वर्ष में आईटीआई अयोध्या ने 1614 लोगों को 9 सेक्टर में प्रशिक्षण दिया। उपमुख्यमंत्री ने लाभार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केशव मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का मुख्य लक्ष्य गरीबों को समृद्ध बनाना है, क्योंकि जब तक गरीब अमीर नहीं बनेंगे, तब तक भारत वैश्विक स्तर पर नंबर एक नहीं बन सकेगा। उपचुनावों पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा सभी दस सीटों पर जीत हासिल करेगी।उन्होंने समाजवादी पार्टी को %समाप्तवादी पार्टी% करार देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने झूठ बोलकर कुछ सीटें जीती थीं। मौर्य ने दावा किया कि भाजपा 2027 में 2017 का प्रदर्शन दोहराएगी।तिरुपति बालाजी के लड्डुओं में बीफ और मछली के तेल की मिलावट के मामले पर मौर्य ने कहा कि आंध्र प्रदेश की सरकार जांच कर रही है, और जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भक्तों की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश में भी ऐसी जांच की जा सकती है।कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह और जिलाध्यक्ष संजीव सिंह भी उपस्थित रहे। इस सफल आयोजन में आईटीआई के प्रिंसिपल मयंक मणि त्रिपाठी व सोहावल आईटीआई के प्रिंसिपल धनंजय त्रिपाठी असिस्टेंट डायरेक्टर शुभम शंकर सहित संयुक्त निदेशक आर0 के0 मिश्रा व समस्त स्टाफ और अन्य अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विकास कार्यों में सैनिक प्रकोष्ठ की भागीदारी सुनिश्चित होगी: के एल शर्मा

**जन एक्सप्रेस**/जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व सैनिक विभाग की तिलक भवन में मासिक बैठक आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि अमेठी सांसद शर्मा जी जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष फंटल प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री पूर्व सैनिक विभाग अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह पूर्व अध्यक्ष आर पी सिंह विक्रम सिंह अर्जित सिंह अयोध्या प्रसाद संतलाल पाल शर्मा कप्तान राजपाल सिंह जमुना प्रसाद द्विवेदी जगदीश प्रसाद मिश्रा अयोध्या प्रसाद विजय प्रताप सिंह शीतला प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे मुख्य मुख्य अतिथि अमेठी सांसद के एल शर्मा जी ने कहा कि सैनिकों का हम सम्मान करते हैं उन्होंने कहा देश का जवान और किसान हमारी शान है कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सम्मान किया है और करेगी यदि संगठन में आप अपनी महती भूमिका देते हैं तो निश्चित रूप से यह संगठन सामाजिक सरोकारों से जुड़कर नेता राहुल गांधी

# प्रचार के अभाव में चल रहा ब्लॉक दिवस, 53 गांवों से मात्र दो शिकायतें

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महराजगंज योगी सरकार योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास तो कर रही है लेकिन उन्हीं के अधिकारियों द्वारा योजनाओं का प्रसार प्रचार न करते हुए समाधान दिवस को मजाक बना के रख दिया है। इसमें विकास खंड के सभागार में ब्लॉक समाधान दिवस का प्रचार प्रसार न होने से विकास खंड के 53 गांवों में मात्र दो शिकायते आई।

बताते चलें कि योगी सरकार किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को जनता दर्शन के निर्देश के साथ माह में एक तिथि निर्धारित कर समाधान दिवस से फरियादियों की समस्याओं का निपटारा करने के निर्देश दिए गए है लेकिन अपने विभाग को उच्चतम दिखाने के लिए समाधान दिवस का प्रचार प्रसार नहीं करते हैं जिससे कम फरियादियों के आने से शिकायतें कम दर्ज होंगी और विभाग साफ सुथरा बना रहेगा राज्य सरकार ने पिछले कई दिनों से माह के पहले व तीसरे बुधवार को ब्लॉक दिवस के निर्देश दिए थे जिसको लेकर सभी ब्लॉक के अधिकारी अपनी अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन करके फरियादियों की समस्याओं का समाधान तो करने लगे लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में एक भी फरियादी देखने को नहीं मिलते जबकि हर रोज विकास खंड कार्यालय के बाहर कोई न कोई फरियादी नजर आता रहता है।

आयोजित समाधान दिवस में विकास खंडके53 गांवो से मात्र दो शिकायतें आईंपहली शिकायत इंदौरा तो वहीं दूसरी शिकायत जनई ग्रामसभा से आई। दोनों शिकायत परिवार रजिस्टर से संबंधित रही जिसको लेकर एडीओ कार्पोरेटिव अरुण श्रीवास्तव ने सचिव को देकर जल्दनिस्तारण करने के निर्देश दिएहैंइसदौरान एडीओ कार्पोरेटिव अरुण कुमारएडीओ आईएसबी धनेंद्र सिंह एपीओ राजीव त्यागीग्राम विकासअधिकारी वैभव मिश्राआदित्य कुमार सर्वोत्तम सिंहअरुण कुमार, महेंद्र शुक्लाअतुल कुमार सहित सभी सचिव मौजूद रहे वहीं इस मामले में बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि गांवों में प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं फरियादियों के संबंध में उन्होंने बताया कि हर दिन मेरे द्वारा फरियादियों की समस्या का निस्तारण कियाजाता हैइस वजह से ब्लॉक दिवस में फरियादियों की कमी रहती है।


## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार -अयोध्या।** विकास खंड पूरा बाजार के बिलहर घाट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को स्वच्छ रखने का संदेश देना था। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, मंडल प्रभारी दिनेश, महामंत्री राजेश पाठक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभूनाथ सिंह दीपू ,राम सुख वर्मा, कपिल देव वर्मा, संतोष सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान हनुमान मंदिर परिसर के आसपास की साफ-सफाई की गई और स्वच्छता के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया।

# बाबा भवनाथदास को दी श्रद्धांजलि: साधु संतों का विराट भंडारा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के श्री महंत और समाजवादी संत सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे बाबा भवनाथदास के 13वीं संस्कार के अवसर पर नजरबाग स्थित उनके आवास पर विराट साधु संतों का भंडारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर हनुमानगढ़ी के गद्दी नशीन, चारों पट्टी के महंत, नागा संत और अन्य श्रद्धालुओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंदिर के महंत रमेशदास महाराज ने कहा कि बाबा भवनाथदास की ख्याति पूरे देश में फैली हुई थी। उन्होंने सदैव साधु संतों और दीन दुखियों की मदद की, और समाज सेवा में भी सक्रिय रहे। रमेशदास महाराज ने बताया कि बाबा के नेतृत्व में कई साधु संतों को न्याय मिला और उन्होंने पहलवानों को भी आगे बढ़ाया। वे समाजवादी विचारधारा के समर्थक थे। इस अवसर पर अन्य धर्म गुरुओं ने भी उनके योगदानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साधु संत, भक्त, शिष्य, नेता और पत्रकार शामिल हुए, जिन्होंने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। महंत रमेशदास महाराज ने सभी का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और दक्षिणा भेंट की। इस दौरान पहलवान इंद्रसेन दास, शिक्षक नेता राम बख्श यादव, और अन्य प्रमुख लोग भी मौजूद रहे।

# रास्ते में रोककर किया युवक को किडनैप जंगल ले जाकर युवक की जमकर पिटाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेश के रायबरेली में युवक की पिटाई और फिर उसे जूते चटवाने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। बेखौफ दबंगों में कानून का किसी प्रकार खौफ भी नजर नहीं आ रहा है। कार सवार आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने बाइक सवार युवक को जंगल में ले जाकर जमकर मारपीट की गई। जब दबंगों का मन नहीं भरा तो मारपीट करने के बाद दबंगों ने अपने जूते को जीभ से चटवायावीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ

यह मामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सवैया राजे गांव का है, जहां के रहने वाले अमन सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह किसी काम से बाइक से जा रहे थे। तभी कार सवार आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने उसकी बाइक मेंटक्करमारदीऔरउसके बाद सभी कार में सवार उसको अपनेसाथकारमेंभरकरजंगलले गएवहांलातऔरजूतोंसेजमकरयुवकक ीपिटाईकीगईजबपिटाईसेभीदबंगोंकाम ननहीं भरा तो उन्होंने अपने जूते को युवक से चटवाया, जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया वहीं मारपीट में घायल युवक अमन सिंह के पिता अजय सिंह ने एक दर्जन से अधिक लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वायरल वीडियो लगभग 20 दिन पुराना बतायाजारहा हैपुलिस ने इस पूरे मामले में आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि नजर आ रहे आरोपी और पीड़ित दोनों आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। और इनके बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। सीओ डलमऊ अरुण नौहार ने बताया कि यह मामला पुराना है और पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी करे सरकार - नलिन सिंह

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एवं डी.एल.एड. छात्र संघ नेता नलिन सिंह व छात्र नेता रंजीत कुशवाहा ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार द्वारा शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जल्द से जल्द जारी किया जाए,जिससे बेरोजगार लाखों छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सके और छात्रों को रोजगार के लिए भटकना न पड़े। नलिन सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है,लाखों छात्र डी.एल.एड. करने के बाद भी रोजगार की भीड़ बनकर खड़े हैं,वर्षों तैयारी करते - करते गरीब घर के बच्चे थक चुके हैं,वे बाहर रोजगार की तलाश कर रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 5 वर्षों से प्रदेश में कोई भी प्राथमिक व जूनियर में शिक्षक भर्ती नही हुई है,और जो भर्ती हुई वो भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई।

# डलमऊ मठ में आए युवक पर विवाद आचार्य बोले हो रही हत्या की साजिश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



डलमऊ जम्मू-कश्मीर से डलमऊ मठ आए युवक को संदिग्ध करार देने पर बुद्धिजीवियों ने आपत्ति जताई है। मठ के आचार्य ने जम्मू-कश्मीर से जिले के डलमऊ घाट स्थित डलमऊ का बड़ा मठ में आए साहिल राजदान को संदिग्ध बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने भी मामले की जांच की बात कहते हुए युवक की पहचान मुस्लिम नहीं बल्कि कश्मीरी पंडित के रूप में की है

मठ के महामंडलेश्वर ने एसपी से की मुलाकात इस मामले को लेकर बड़ा मठ के महामंडलेश्वर 1008 देवेंद्रानंद गिरी महाराज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से मुलाकात की और मठ में आतंकी हमले की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि उनकी जान को खतरा है और साजिश रची गई है। अब तक की जांच से वे संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस ने बिना किसी जांच के संदिग्ध युवक को कश्मीरी पंडित घोषित कर दिया। उसने पहले कहा था कि वह महाराष्ट्र का रहने वाला है और उसके पास कई लड़कियों की तस्वीरें भी मिली हैं

आतंकवादी या संदिग्ध कहना गलतन्विजय विद्रोही इस मामले में हो रही विभिन्न चर्चाओं और आरोपों को खारिज करते हुए भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता विजय विद्रोही ने कहा कि यह कौन तय कर सकता है कि जम्मू-कश्मीर का कोई युवक देश में कहीं नहीं जा सकता या वह संदिग्ध है। वहां से रायबरेली आने के लिए कौन सा पासपोर्ट जरूरी है? क्या जम्मू-कश्मीर हमारे देश का हिस्सा नहीं है? अगर कोई ज्ञान प्राप्ति के उद्देश्य से मठ में पहुंचता है तो उसे दिशा देना या न देना अलग बात है लेकिन जम्मू-कश्मीर के किसी भी नागरिक को आतंकवादी या संदिग्ध कहना गलत है।

## गेगासों चौकी में तैनात पुलिस कर्मियों की सक्रियता से बच गई युवक की जान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सरेनी कहावत है जाको राखे साइयां मार सके ना कोय यह कहावत आज रायबरेली में उस समय सही साबित हुई जब एक युवक पत्नी से आए दिन हो रहे झगड़े से परेशान होकर गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या करने जा रहा था तभी युवक को पुलिस ने पकड़ लिया जिससे युवक की जान बच गई पूरा मामला यह है कि पुलिस के साथ नीली शर्ट में खड़े इस युवक को देखिए इसका नाम निर्भय सिंह है रायबरेली जिले के खीरो थाना क्षेत्र के निहस्था गांव का रहने वाला है निर्भय आज घर से नाराज होकर निकला और परिजनों से कहा कि अब दोबारा घर नहीं आएंगे इतना कहकर घर से निकल कर करीब 20 किलोमीटर दूर गेगासों गंगा घाट पर पहुंचने के पहले घर को फोन लगाया और कहा कि मैं गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या करने जा रहा हूं इतना कहने के बाद फोन काट दिया परिजनों ने तत्काल पुलिस से संपर्क किया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक






# बाढ़ का कहर: गंगा बैराज पर गंगा के जलस्तर ने चेतावनी बिंदु को किया पार

**✻ एसडीम सहित नायब तहसीलदार ने ख्योरा कटरी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश की वजह से गंगा के साथ-साथ सहायक नदियों के जल स्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार की सुबह कानपुर गंगा बैराज पर गंगा के जलस्तर ने चेतावनी बिंदु को पार कर लिया है। गंगा के बढ़ते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कटरी क्षेत्र में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन की कई टीम में लगाई गई है जो 24 घंटे गंगा के बढ़ते हुए जलस्तर की मॉनिटरिंग करेंगी। ख्योरा कटरी के 7 मजरों दुर्गा पुरवा, भगवानदीन पुरवा, गिल्ली पुरवा, भोपाल पुरवा, मक्कापुरवा, बनियापुरवा, लक्ष्मण पुरवा, में रहने वाले ग्रामीण दहशत में है। यदि गंगा के जलस्तर में ऐसे ही बढ़ोतरी हुई तो कटरी में रहने वाले ग्रामीणों के पास पलायन के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं होगा। गंगा के तटवर्ती क्षेत्र में लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ने से कटान जारी है। 20 से अधिक मोहल्लों में पलायन की स्थिति बन गई है। कटरी के गांव में बाढ़ का खतरा लगातार मंडरा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी भी गंगा के बढ़ते जल स्तर को लेकर बहुत चिंतित हैं। गंगा बैराज सिंचाई विभाग के ऑफिस में तैनात गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया कि गुरुवार से शुक्रवार शाम तक गंगा के जलस्तर में 20 से 25 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ गंगा नदी के बाएं तट पर बेस गांव लोधवा खेड़ा, चैनपुरवा, धारामखेड़ा, देवानी पुरवा, नई बस्ती मंगलपुर, बड़ा मंगलपुर, पहाड़ीपुर, कतरी शंकर सराय, नाथ पुरवा, कल्लू पुरवा, गांव को बाढ़ का अपनी चारों तरफ से घेर सकता है। जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी करते हुए जनता से अपील की है कि वे लोग समय रहते सुरक्षित स्थानों पर जाने की तैयारी कर लें। सुबह के वक्त उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती ऋतु प्रिया तथा तहसीलदार रितेश कुमार सिंह ने भगवानदीन पुरवा गांव पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया साथ में स्थानीय लेखपाल प्रतीक शुक्ला भी रहे।



### शुक्लागंज के निचले इलाकों में बाढ़ का भारी संकट

गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर की वजह से शुक्लागंज के निचले इलाके भारी संकट में है। कई इलाकों में तो बाढ़ के पानी ने तो घरों में घोषणा भी शुरू कर दिया है। शुक्लागंज में गंगा का जलस्तर खतरें के निशान को पार कर चुका है। शुक्रवार को शुक्लागंज के जलस्तर में बढ़ोतरी के साथ-साथ 113.09 दर्ज किया गया। शुक्लागंज के निचले इलाकों रहने वाले लोगों ने घरों पलायन करना शुरू कर दिया है। यहां पर रहने वाले ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर अपने आशियाने की तलाश करने लगे हैं।



### गंगा बैराज पर बढ़े हुए जलस्तर का पैमाना

- अपस्ट्रीम 114.63,
- डाऊन में 114. 380
- गंगा बैराज से डिस्चार्ज किया गया पानी 4,07, 895, नरौरा से डिस्चार्ज किया गया पानी 99,613
- हरिद्वार 60,472, शुक्लागंज 113.09
- सुबह के वक्त हरिद्वार से 71,042, पानी डिस्चार्ज किया गया था।

### जिला प्रशासन की ओर से बनियापुरवा बाढ़ राहत चौकी का निर्माण



गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एक्शन मोड में है। पिछले 24घंटे में गंगा के जलस्तर में 20 से 25 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की माने तो अभी गंगा के जलस्तर में और इजाफा हो सकता है। गंगा के बढ़ते जल स्तर की निगरानी को लेकर जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ चौकी का निर्माण कराया गया है। इसी के साथ साथ उप जिलाधिकारी ऋतु प्रिया, व तहसीलदार रितेश सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। और बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकलवा कर गंगा बैराज के पास जूनियर स्कूल में रखा है। इसी स्कूल में 70 से अधिक लोगों के खाने की व्यवस्था भी की गई है।

# दादी और पोती को ईंटों से बुरी तरह कुचला, बुजुर्ग महिला की मौत




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार को महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर मे दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां अज्ञात बदमाशों ने घर मे सो रही 55 वर्षीय दादी व उनकी 9 वर्षीय पोती को ईंटों से कूच दिया। इस हादसे मे दादी की मौके पर मौत हो गयी और मासूम को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना से इलाके मे सनसनी फैल गयी। घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल को सील कर फॉरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से खून से सनी ईंट बरामद हुई है। घटनास्थल पर जेसीपी हरीश चंदर, डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

पुरवामीर निवासी 55 वर्षीय कुसमा देवी के पति शंकर सविता की मौत 10 साल पहले हो चुकी है। उनके दो बेटे हिमांशु व गोविंद हैं। दोनो ही अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बाहर रहते हैं। कुसुमा देवी के घर से 50 मीटर दूर उसके देवर के बेटे दिनेश का घर है। दिनेश ने बताया कि बेटी प्रियांशी ताई कुसमा के घर पर अकेले रहने के चलते रात मे उनके साथ ही सोया करती थी। ताई रोजाना जल्दी सुबह उठकर अपने दैनिक कार्य करती थी लेकिन जब कल सुबह जल्दी नही उठी तो दिनेश ताई के घर पहुंचा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी। ताई कुसमा का खून से लथपथ शव जमीन पर पड़ा था। बेटी प्रियांशी भी खून से लथपथ सांसें ले रही थी। यह देखकर दिनेश भागता हुआ घर के बाहर आया और परिजनों व ग्रामीणों को जानकारी दी और बेटी को अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे हैलेट रेफर कर दिया गया।

### किसी करीबी के शामिल होने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

सूचना पर पहुंची पुलिस व उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल की जांच के बाद साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घटना मे किसी करीबी के शामिल होने का शक है। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जघन्य हत्याकांड की हर एंगल से जांच की जा रही है। करीबी द्वारा हत्या की आशंका का अंदेशा जताते हुए मृतका के जान-पहचान वालों से पूछताछ की जा रही है। लूट, रंजिश या मासूम के साथ हैवानियत समेत सभी एंगिल पर टीमें जांच कर रही हैं।

### जाजमऊ में डॉट नाला धंसने से घुसी कार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जाजमऊ के सरैयां में शुक्रवार सुबह डॉट नाला धंस गया। इससे नाले के ऊपर खड़ी कार भी नाले में घुस गई। वहीं, कार के नीचे सो रहे तीन कुत्ते भी नीचे घुस गए। घटना के बाद मौके पर पुलिस और पार्षद समेत नगर निगम की टीम पहुंची और जांच पड़ताल की। जाजमऊ के सरैयां में शुक्रवार सुबह अचानक तेज आवाज के साथ नाला धंस गया। इससे करीब 20 फुट लंबा और 10 फुट गहरा गड्ढा हो गया। नाला धंसने से उसके ऊपर खड़ी सलीम की कार भी गड्ढे में घुस गई।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट के लिए तैयार है कानपुर तीन लेयर में होगी खिलाड़ियों की सुरक्षा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेला जाना है। इससे क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह का माहौल है। यह मुकाबला 27 सितंबर से ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारी पूरी कर ली है। तैयारियों की जिम्मेदारी यूपीसीए ने वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर के कंधों पर है। उन्होंने बताया कि इस बार होने वाले मैच को और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ पूरा किया जाएगा। दर्शकों की क्षमता को लेकर सर्वे भी किया गया है। समय रहते हुए सारी तैयारी पूरी हो जायेगी। मैच शुरू होने के 5 दिन पहले से ही टिकट की ऑनलाइन और ऑफ लाइन बिक्री शुरू कर दी जाएगी। ग्रीनपार्क में काफी वक्त के बाद टीम इंडिया मैच खेलने पहुंचेगी। लिहाजा दर्शक भारी संख्या में पहुंच सकते हैं।

### तीन लेयर में होगी खिलाड़ियों की सुरक्षा

इसमें खास तरह के सुरक्षा उपकरणों के साथ विशेष सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं तीन लेयर में खिलाड़ियों को सुरक्षा मुहैया कराई जायेगी, जिसमें पुलिस, विशेष सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही मैच के ग्राउंड पर ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी और मैच के 5 दिन पहले से ही ग्राउंड की पिच पर हर किसी का पहुंचना मुमकिन नहीं होगा। इन पांच दिनों में सिर्फ बीसीसीआई, यूपीसीए और पुलिस के आलाधिकारियों के अलावा मैच की प्रमुख जिम्मेदारी देखने वाले ही मैच के ग्राउंड तक जाए सकते हैं। मैच को लेकर एलआईयू भी एक्टिव है कि किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा में चूक न हो। वहीं दर्शक दीर्घा की जालियां भी ऊंची कराई जाएगी, जिसे ग्राउंड की ओर कोई दर्शक भाग कर न आ पायें। कानपुर पुलिस ने ग्रीन पार्क से लेकर होटल लैंडमार्क तक थ्री लेयर सिक्योरिटी का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर की देखरेख में सिक्योरिटी प्लान तैयार किया गया है। उनके साथ में मैच के वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर समेत यूपीसीए के अधिकारियों के साथ ग्रीन पार्क से लेकर लैंडमार्क होटल तक का निरीक्षण करने के बाद बैठक की। लैंडमार्क होटल से ग्रीनपार्क तक खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा में पहुंचाया जाएगा।

### पवेलियन में एक लाख के सोफे पर बैठेंगे प्लेयर, नहाने के लिए लगा जकूजी बाथरूम

खिलाड़ियों के लिए एक लाख रुपए वाले आराम दायक सोफे रखें गए हैं। जो सिर्फ एक बटन दबाने पर ओपन हो जाएंगे। नहाने के लिए जकूजी बाथरूम की सुविधा भी है। सोफे के दाएं तरफ पानी कि बोतल रखने कि जगह बनी हुई है जिसमें खिलाड़ी पानी की बोतल रखेंगे और वो बोतल वैसे ही चील्ड बनी रहेगी। दोनों टीमें के लिए फीजियोथैरेपी, स्टीम बाथ, सोना बाथ, जकूजी जैसी सुविधाएं भी मौजूद रहेंगी।

### रवि शास्त्री और दिनेश कार्तिक करेंगे कमेंट्री

कमेंट्री करने के लिए भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रवि शास्त्री अंग्रेजी कमेंट्री और दिनेश कार्तिक कमेंट्री बॉक्स में कमेंट्री करते नजर आएंगे। यह दोनों लोगों को अपनी आंखों देखी चीजें बताएंगे। इसके अलावा और भी कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।

### कानपुर के ग्रीनपार्क में भारत का रिकॉर्ड

ग्रीनपार्क स्टेडियम अब तक 23 टेस्ट मैच की मेजबानी कर चुका है। जिसमें 7 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते जबकि तीन मैच में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी। कुल 13 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम ने यहां 7 टेस्ट मैच में जीत दर्ज की है जबकि 3 टेस्ट मैच हारे हैं। यहां पहला टेस्ट मैच 1952 में खेला गया। जिसमें भारत को इंग्लैंड ने 8 विकेट से हराया था।

# राजीव शुक्ला की मां के निधन पर डिप्टी सीएम सांत्वना देने पहुंचे उनके घर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बी.सी.सी.आई. उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला की मां शांति शुक्ला (90) का बीते दिन गुरुवार को दर्शन पुरवा स्थित निजी आवास पर स्वर्गवास हो गया। उनके तीन पुत्र दिलीप शुक्ला, राजीव शुक्ला, सुधीर शुक्ला हैं। उनके बड़े बेटे संपूर्णानंद शुक्ला का निधन पहले ही चुका है। परिवार द्वारा उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को भैरवघाट पर किया गया। उनके निधन की खबर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शुक्रवार को दर्शनपुरवा स्थित उनके घर पहुंचे।

### ग्रीनपार्क मे भी छाया मातम

दर्शनपुरवा स्थित घर मे राजीव शुक्ला के भाई दिलीप शुक्ला के साथ उनकी मां रहतीं थीं। 27 सितम्बर को कानपुर के ग्रीनपार्क स्थित मैदान मे भारत बांग्लादेश का मैच होना है। भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच की तैयारियों मे जुटे यू.पी.सी.ए. के पदाधिकारियों को जैसे ही यह खबर मिली। ग्रीनपार्क स्टेडियम मे शोक की लहर दौड़ पड़ी। इसी दौरान शाम को स्टेडियम का निरीक्षण करने आए सांसद रमेश अवस्थी को खबर मिली। उन्होंने निरीक्षण रद्द कर फौरन शोकसभा आयोजित किया।

### यू.पी.सी.ए. टीम और कई सम्मानित लोगों ने दी श्रद्धांजलि

सांसद रमेश अवस्थी के साथ वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर, यू.पी.सी.ए. सचिव अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव रियासत अली, कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता, नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव समेत यू.पी.सी.ए. स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजिल दी।



# परियर के एक दर्जन से अधिक गांव को बाढ़ ने किया प्रभावित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

परियर गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से लगातार बढ रहा है। जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के अधिकांश घरों में पहुंच गया है। जिससे गावो के लोग अपनी गृहस्थी समेट कर सुरक्षित जगह जाने लगे हैं। बाढ़ से ग्रामीणों की तैयार फसल भी बर्बाद हो गई है।प्रभावित गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। सदर उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बाढ़ केंद्र परियर व प्रभावित गांव पनपथा का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी मानाबंगला, देविपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, सहित एक दर्जन गावो के अधिकांश घरों तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ से खेतो में तैयार लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेमी, करेला धान आदि की फसल बर्बाद हो गई है।

# गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने पांडु नदी में आई बाढ़ से गोविंद नगर विधानसभा अंतर्गत रविदासपुरम वार्ड 09 अंतर्गत, मायापुरम कच्ची बस्ती में बाढ़ के उपरांत मौके पर पहुँच कर, बाढ़ प्रभावित अपनी जनता का हाल-चाल लिया उन लोगों के रहने खाने दवा आदि व्यवस्था की बात कही सभी लोगों को एक स्थान पर बुलवाकर उन्हें विधायक जी ने बताया कि किसी प्रकार की कोई घटना हो तो रात में 2:00 बजे भी मुझे टेलीफोन करके मौके पर बुला ले, मैं पूरी क्षमता से आप सब की मदद के लिए तैयार हूं।इसके साथ ही विधायक जी ने कहा कि यदि इस बाढ़ के पानी के कारण से या अन्य कारण से घर में कोई बीमार बच्चे महिला बुजुर्ग बीमार पड़ जाते हैं तुरंत हमें सूचित करें मैं मेडिकल टीम भेज कर अभिलंब इलाज करा कर दवा दिलवाऊंगा।किसी को भी संकट में कैसी भी मदद की आवश्यकता हो तो मुझे अभिलंब बताएं या मेरे कार्यकर्ताओं को या मेरे पार्षद को बात कर मुझे सूचित कर दे, मैं आपकी यथासंभव हर समस्या का निदान करूंगा। विधायक जी ने मौके से ही जिलाधिकारी कानपुर डीएम से बात कर राशन की व्यवस्था उपलब्ध कराई तथा पानी के टैंकरों को खड़ा कराया। उक्त बस्ती की बिजली काट दिए जाने के कारण से, पानी का भी, भीषण संकट,बाढ़ पीड़ितों के आगे आ गया था,जिसे मौके पर खड़े होकर ही, विधायक जी ने अभिलंब दूर कराया।

मौके पर विधायक सुरेंद्र मैथानी जी के साथ पार्षद कविता वीरेंद्र चौहान, डॉ उदय वर्मा, अनिल निषाद, संजय सिंह, ऋषि वर्मा, सोमनाथ शर्मा, मुकेश दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# कानपुर विश्वविद्यालय मे आयोजित रोजगार मेला, 195 छात्रों को मिला रोजगार




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों के लिए एक रोजगार मेला आयोजित किया। जिसमे कुल 195 छात्रों को नौकरी के ऑफर लेटर मिले। यह मेला बी.एस.सी.एस.डी. कॉलेज नवाबगंज मे आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इसे विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित किया गया था।

### आयोजन मे 195 छात्रों को मिली नौकरी, अभी अंतिम चयन बाकी

इस रोजगार मेले की सफलता का अंदाजा इस बात से लगता है कि इस मेले मे 400 नौकरी के पदों के लिए लगभग 1100 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमे से 195 छात्रों को ही नौकरी मिली जबकि कुछ छात्रों को होल्ड पर रखा गया है। चुने गए छात्रों के लिए आगे के राउंड मे इंटरव्यू आयोजित किए जाएगा। जिसके बाद उनका अंतिम चयन किया जाएगा।

### हमारा मकसद योग्यतानुसार रोजगार दिलाना है

कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने इस अवसर पर कहा, हमारा लक्ष्य केवल तकनीकी और प्रबंधन के छात्रों तक सीमित नही है। हम चाहते हैं कि कला, विज्ञान और वाणिज्य के सभी छात्रों को भी उचित रोजगार के अवसर मिलें। हमारा प्रयास है कि हर छात्र को उसकी योग्यता के अनुरूप नौकरी मिले।

### देश की प्रमुख कंपनियों ने छात्रों को दिया रोजगार का मौका

इस मेले मे देश की प्रमुख कंपनियों, जैसे एल.एंड.टी. फाइनेंस, जाना फाइनेंस और आदित्य बिरला ने हिस्सा लिया और 195 छात्रों को नौकरी के ऑफर दिए। कुलपति प्रो. विनय पाठक ने इस अवसर पर कहा ﾕहमारी प्राथमिकता केवल बीटेक और एमबीए के छात्रों तक सीमित नही है। सामान्य बी.ए., एम.ए., बी.एस.सी. और एम.एस.सी. के छात्रों को भी रोजगार दिलाना हमारा उद्देश्य है। हम लगातार इस दिशा मे काम कर रहे हैं ताकि हर छात्र को नौकरी मिले।

# जन एक्सप्रेस

## सम्पादकीय

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूँकेंगे पीएसीएस

**सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पीएसीएस को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पीएसीएस के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम से संचालन में एकरूपता आएगी।**

*दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025' के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पीएसीएस अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी। गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (ह्रष्ट्ढ) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की। सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पीएसीएस के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पीएसीएस के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पीएसीएस की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, कार्ड और बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पीएसीएस ने ग्रामीण नागरिकों को ष्टस्ष्ट सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, जल समितियों, वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पीएसीएस अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पीएसीएस की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**यातायात की मात्रा और दिन के समय के आधार पर टोल दरों को समायोजित करता है, वह व्यस्ततम घंटों में भीड़भाड़ को प्रबंधित करने,अधिक कुशल सड़क उपयोग को प्रोत्साहित करने और अड़चनों को कम करने में मदद कर सकता है। सरकार स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली के साथ निगरानी बढ़ाकर और कठोर दंड लगाकर, अनुपालन में सुधार करके तथा राजस्व संग्रह को बढ़ाकर टोल चोरी पर अंकुश लगा सकती है। स्थानीय यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्गों का विकास और टोल-मुक्त सड़कों का विस्तार करने से टोल के प्रति जनता का विरोध कम हो सकता है। जबकि पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के लिए कम दरों की पेशकश से सतत परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।**

# भीड़भाड़ को न्यौता देती टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें



डॉ सत्यवान सौरभ

**सरकारी पहलों ने कार्यकुशलता के मामले में सुधार किया है, लेकिन भीड़भाड़ और चोरी जैसे मुद्दों के लिए अधिक सशक्त समाधान की आवश्यकता है। जीपीएस-आधारित टोलिंग और गतिशील मूल्य निर्धारण जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ इनके? सख्त प्रवर्तन से टोल प्रणाली को बेहतर बनाया जा सकता है।**

आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम। उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। भारत का टोल रोड नेटवर्क वर्ष 2023 में 45,428 किलोमीटर तक विस्तारित हो गया, जो वर्ष 2019 के 25,996 किलोमीटर से 75 प्रतिशत की वृद्धि है। इस विस्तार के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं, क्योंकि हालिया डेटा टोल संग्रह में विलम्ब को दर्शाता है, जो यातायात भीड़ में योगदान देता है। सड़क यात्रा दक्षता और राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए इन चुनौतियों का समाधान करना आवश्यक है, जिसके लिए वर्तमान उपायों के विश्लेषण और अतिरिक्त समाधानों की आवश्यकता है। आज भारत की टोल प्रणाली के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियाँ भीड़भाड़ और विलम्ब हैं। फास्टैग सिस्टम शुरू होने के बावजूद, टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारें और देरी एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। तकनीकी गड़बड़ियाँ और कुछ क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान विधियों का कम इस्तेमाल इस समस्या को और बढ़ा देता है। उदाहरण के लिए, टोल प्लाजा में निरंतर लगने वाला ट्रैफिक जाम। उच्च परिचालन लागत में टोल प्लाजा के संचालन और रखरखाव की लागत, जिसमें कर्मचारियों का वेतन, बुनियादी ढाँचे का रखरखाव और प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है, वित्तीय बोझ को बढ़ाती है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। टोल डेटा में विसंगतियां (जैसे डेटा में हेरफेर और रिपोर्ट किए गए और वास्तविक ट्रैफिक के बीच भारी अंतर) का खुलासा किया गया है, जैसे कि पुणे एक्सप्रेसवे पर। टोल दरों में असमानता, अलग-अलग क्षेत्रों और राजमार्गों के हिस्सों में टोल दरों में भिन्नता और वाहन के प्रकारों के आधार पर असंगत मूल्य निर्धारण, यात्रियों के




**भारत की टोल प्रणाली को और बेहतर बनाने वाले उपाय करने की सख्त ज़रूरत है। जीपीएस आधारित टोल संग्रह, जो यात्रा की गई दूरी के आधार पर शुल्क लेता है, को अपनाने में तेजी लाने से भौतिक टोल प्लाजा को समाप्त किया जा सकता है।**

बीच भ्रम और असंतोष उत्पन्न करते हैं। टोल मूल्य निर्धारण के लिए पारदर्शिता और स्पष्ट तर्क की कमी जनता के असंतोष को बढ़ाती है। बुनियादी ढाँचे के एकीकरण का अभाव होने से कई टोल सड़कें, राष्ट्रीय सड़क नेटवर्क या शहरी परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकृत नहीं हैं, जिसके कारण अकुशलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत की टोल प्रणाली की चुनौतियों से निपटने के लिए शुरू की गई सरकारी पहलें फास्टैग कार्यान्वयन के माध्यम से राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली, कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देती हैं और स्वचालित टोल शुल्क कटौती के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके टोल प्लाजा पर भीड़ को कम करती हैं, और अब यह सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है। एक राष्ट्र, एक फास्टैग पहल ने देश भर में टोल संग्रह को मानकीकृत किया, जिससे राजमार्ग संचालक या राज्य की परवाह किए बिना सभी टोल प्लाजाओं पर फास्टैग की अंतर-संचालन क्षमता सुनिश्चित हुई, जिससे यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला और टोल शुल्क पर भ्रम कम हुआ। सरकार, टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ जैसी समस्याओं को दूर करने और दूरी आधारित टोल संग्रह के लिए वाहन ट्रैकिंग सुनिश्चित करने हेतु जीपीएस आधारित टोल संग्रह प्रणाली का परीक्षण कर रही है, जिससे भौतिक टोल बूथों की आवश्यकता कम हो जाएगी। सरकार ने यातायात की निगरानी और टोल चोरी को रोकने के लिए टोल प्लाजा पर सीसीटीवी सिस्टम लगाए हैं। फास्टैग और नकद भुगतान दोनों को स्वीकार करने वाली हाइब्रिड लेन भी सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ फास्टैग का उपयोग कम है। निजी भागीदारों को शामिल करने के लिए टोल रोड विकास में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पेश किए गए हैं, जिसका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता को बढ़ाना, सेवा वितरण में सुधार करना और टोल प्लाजाओं का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करना है। भारत की टोल प्रणाली को और बेहतर बनाने वाले उपाय करने की सख्त ज़रूरत है। जीपीएस आधारित टोल संग्रह, जो यात्रा की गई दूरी के आधार पर शुल्क लेता है, को अपनाने में तेजी लाने से भौतिक टोल प्लाजा को समाप्त किया जा सकता है, जिससे भीड़भाड़ और राजस्व लीकेज को कम किया जा सकता है, तथा एक अधिक कुशल, पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित की जा सकती है। बेहतर डेटा एकीकरण और विश्लेषण से टोल प्लाजा पर डेटा विश्लेषण और रियल टाइम निगरानी का लाभ उठाकर भीड़भाड़ का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है, टोल चोरी का पता लगाया जा सकता है और यातायात प्रवाह को अनुकूलित किया जा सकता है।

## एक्सप्रेस कविता

*बच्चे घरों की जान होते हैं,*
*दीवारों के अब कान होते है।*
*बेईमानी ईमान है उनका अब,*
*बेईमानो के अलग ईमान होते है।*
*सियासत में होती है चालबाजी,*
*हुक्मरानों के कच्चे कान होते है।*



*पर्दा किया करो जितना हो सके,*
*रिश्तेदारों में कई हैवान होते है।*
*इबादत भी किया करो शिद्दत से,*
*खुदा कइयों से अनजान होते है।*
*चला करो सीधे रास्तो से हमेशा,*
*कई कई रास्ते सुनसान होते है।*
*कातिल भला बेखौफ क्यों है अब,*
*बचाने उन्हें सारे हुक्मरान होते है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**शिक्षा आपको एक पवित्र स्थान पर ले जाने में मदद कर सकती है जहां सब कुछ संभव होता है**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 18:14 तक |
| नक्षत्रः | भरणी 24:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | व्याघात, 11:36 |
| सूर्योदयः | 06:10 |
| सूर्यास्तः | 18:17 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 09:12-10:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### ना कांपे जुबान !


*फायदे की खातिर ।*
*देते ग़लत बयान ।।*
*करके ऐसा उनकी ।*
*ना कांपे जुबान ।।*
*हैं जनता के सेवक ।*
*पर कैसा संदेश ?*
*उछल उछल कर खूब ।*
*दे रहे उपदेश ।।*
*है लगाम ज़रूरी ।*
*स्वाद भी चखाना ।।*
*आया कैसा काल ।*
*कब लेंगे हर्ज़ाना ।।*
*बार-बार ये इस तरह ।*
*क्यों रहे कुरेद ?*
*रहता दिल में काला ।*
*पहने पर सफ़ेद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्ट्रोक से हर साल होती हैं 7 लाख से ज्यादा मौतें



**स्ट्रोक** एक खतरनाक स्थिति है, जिसके चलते हर साल लाखों की संख्या में लोगों की मौत होती है। स्ट्रोक एक ऐसी स्थिति है, जिसमें ब्रेन तक ब्लड और ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाता है। इसके पीछे हार्ट से जुड़ी बीमारियां, डायबिटीज और मोटापा आदि जैसी बीमारियों को जिम्मेदार माना जाता है। केवल यही नहीं, बल्कि प्रदूषण और हाई ब्लड प्रेशर को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है। हाल ही में द लांसेट न्यूरोलॉजी में छपी एक स्टडी के मुताबिक प्रदूषण और हाई बीपी स्ट्रोक के लिए एक बड़ा खतरा है। आइये विस्तार से जानते हैं स्टडी के बारे में।

**स्ट्रोक से हर साल होती है 7 लाख से ज्यादा मौतें:** स्टडी के शोधकर्ताओं के मुताबिक स्ट्रोक से होने वाली मौतों के पीछे प्रदूषण और हाई बीपी जिम्मेदार माना जाता है। वर्ल्ड स्ट्रोक कांग्रेस 2024 में पेश की गई स्टडी में स्ट्रोक से बचने के लिए कुछ योजनाओं पर बात की गई है। आंकड़ों की मानें तो साल 1990 से अबतक स्ट्रोक के मामले 93.8 फीसदी तक बढ़े हैं। इसके पीछे वातावरण से जुड़े पहलुओं को स्ट्रोक का बड़ा कारण माना जा रहा है। वैज्ञानिकों ने इस पर चेतावनी देते हुए कहा कि स्ट्रोक बढ़ने का खतरा आगे भी जारी रह सकता है।

**प्रदूषण भी माना जा रहा है बड़ा कारण:** वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदूषण बढ़ने के साथ ही तापमान भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य खराब होने के साथ ही साथ स्ट्रोक के कारण जल्दी मौत होने का जोखिम भी तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2021 में स्ट्रोक के 11 मिलियन मामले सामने आए थे। बढ़ती जनसंख्या और एजिंग को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, हाई ब्लड प्रेशर भी स्ट्रोक का खतरा बन सकता है। हाई बीपी के चलते कई बार एस्थेरेक्लेरोसिस होता है, जिससे धीरे-धीरे हार्ट की बीमारियां बढ़ती हैं और आप स्ट्रोक के शिकार हो सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# कैसे पैदा होंगे बिना राजनीतिक विरासत वाले युवा नेता



-प्रियंका सौरभ

**युवा नेताओं के लिए राजनीति में प्रवेश करने के वास्तविक मार्ग बनाने के लिए इन्हें अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और विस्तारित करने की आवश्यकता है। राजनीति में आयु भेदभाव को संबोधित करना और शासन में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है।**

**आज** देश को ऐसे युवा नेताओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है, जो राजनीतिक परिवारों से नहीं आते। भारत को वंशवादी राजनीति से मुक्त होने की जरूरत है। राजनीति और शासन में युवाओं की भूमिका है, विशेष रूप से भारतीय राजनीतिक जीवन में भाई-भतीजावाद और वंशवादी उत्तराधिकार द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के संबंध में। ऐतिहासिक रूप से, युवा नेतृत्व उद्योग और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रहा है। युवा नेता अक्सर नवाचार के मामले में सबसे आगे रहे हैं, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी में, जहां उनके योगदान ने उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, जहां आधी से अधिक आबादी 25 वर्ष से कम है, 18वीं लोकसभा में निर्वाचित प्रतिनिधियों की औसत आयु 56 वर्ष है, जो युवा जनसांख्यिकी और सरकार में उनका प्रतिनिधित्व करने वालों के बीच एक महत्वपूर्ण वियोग को उजागर करती है। भारत को अपने मूल लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मज़बूत बनाने के लिए अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। भारत की राजनीति को ÷युवा देश, बूढ़े नेता÷ के रूप में परिभाषित किया जाता है। भारतीय राजनीति में अपनी धाक जमाने वाले ज्यादातर युवा नेता बड़े राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं,

**यूएनडीपी, ओएचसीएचआर और अंतर-संसदीय संघ के बीच सहयोग के परिणामस्वरूप वैश्विक स्तर पर राजनीतिक प्रक्रियाओं में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रयास हुए हैं। नॉट टू यंग टू रन अभियान राजनीति में युवाओं के सामने आने वाली बाधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सार्वजनिक पद के लिए दौड़ने की आयु कम करने की वकालत करने के लिए एक वैश्विक पहल है।**

जो सामाजिक-राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली हैं। हालांकि मुख्यधारा की लगभग हर राजनीतिक पार्टी का अपना एक स्टूडेंट विंग है और ये सभी पार्टियां कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनावों में ज़ोर-शोर से भाग लेती हैं, लेकिन ऐसा कोई व्यवस्थित तंत्र मौजूद नहीं है जो छात्र नेताओं को विधायी राजनीति में आगे बढ़ने में मदद कर सके और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, 17वीं लोकसभा (2019-2024) में 40 वर्ष के कम उम्र सांसदों की संख्या महज़ 12 प्रतिशत है, वहीं स्वतंत्र भारत की पहली लोकसभा में 26 प्रतिशत सांसदों की उम्र 40 वर्ष से कम थी। ख़ासकर, (हर बड़े) चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणापत्रों में युवाओं के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों शुरू करने की बात करती हैं, जिनका अखबारों और सोशल मीडिया के ज़रिए भारी प्रचार किया जाता है। राजनीतिक संपर्क अभियानों में बड़े पैमाने पर युवाओं को शामिल किया जाता है, और राजनीतिक पार्टियां शक्ति प्रदर्शन के लिए चुनावी रैलियों में युवाओं की भागीदारी को प्रचारित करती हैं। हालांकि, चुनाव के बाद युवाओं के मुद्दे (शिक्षा और रोज़गार) को तरजीह नहीं दी जाती, जो चुनावी राजनीति में युवाओं की कमज़ोर स्थिति को बताता है क्योंकि उनमें अपनी मांगों को मज़बूती से रखने की क्षमता नहीं है। यहां तक कि छात्र नेता जब विधायी चुनावों में शामिल होते हैं, तो उनके पास राजनीतिक सौदेबाज़ी की ताकत बेहद सीमित होती है। इस तरह से देखें तो यही लगता है कि युवाओं की मतदाता भागीदारी अगर कम है तो यह एक विचित्र घटना न होकर एक अपेक्षित परिणाम मात्र है। भाई-भतीजावाद और वंशवादी राजनीति, युवा नेताओं के लिए बड़ी बाधा बनकर आती है। ये जड़ जमाए हुए सिस्टम उभरते नेताओं के लिए दृश्यता और प्रभाव प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों, अवसरों और प्लेटफार्मों तक पहुँच को सीमित करते हैं। आज देश में बिना किसी राजनीतिक विरासत के 1 लाख युवाओं के राजनीति में प्रवेश करने की संभावना है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए, इन युवाओं के लिए सही अवसर, मार्गदर्शन और सहायता प्रणाली प्रदान करना आवश्यक है। युवा नेताओं को अधिक समावेशी बनाने के लिए राजनीतिक संस्कृति को बदलने से स्थापित राजनीतिक वर्ग और मतदाताओं दोनों के भीतर मानसिकता में महत्वपूर्ण बदलाव आता है। यह परिवर्तन नेताओं की एक नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकता है जो शासन में नए दृष्टिकोण और अभिनव समाधान ला सकते हैं। तुलनात्मक विश्लेषण प्रौद्योगिकी और व्यापार क्षेत्रों में, युवा नेताओं ने गहरा प्रभाव डाला है। लैरी पेज, मार्क जुकरबर्ग और एलोन मस्क जैसे लोगों ने कम उम्र में पूरे उद्योगों में क्रांति ला दी है। युवा पेशेवरों के वर्चस्व वाले भारत में आईटी उद्योग ने देश को पर्याप्त आर्थिक लाभ और वैश्विक मान्यता दिलाई है। इसके विपरीत, बड़ी युवा आबादी के बावजूद, राजनीतिक परिदृश्य युवा प्रतिनिधित्व में काफी पीछे है। यह असमानता एक महत्वपूर्ण क्षेत्र को उजागर करती है जहां राजनीतिक नेतृत्व को राष्ट्र की जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं के साथ संरेखित करने के लिए सुधार आवश्यक है। विभिन्न सरकारी पहलों का उद्देश्य शासन में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

# सीएम योगी के निर्देश पर..बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे प्रभारी मंत्री ने बांटी राहत सामग्री, दिया मदद का भरोसा

**पूरी मदद मिलेगी, सरकार आपके साथ खड़ी: प्रभारी मंत्री**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

### माथुरपुर पहुंचे प्रभारी मंत्री, देखा कटान का हाल

इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक शशांक वर्मा, डीएम, एसपी संग करीब 01.25 बजे तहसील धौरहरा के ग्राम माथुरपुर, मजरा सुजानपुर पहुंच कटान रोकने के लिए बाढ़खंड द्वारा कराए जा रहे फ्लड फाइटिंग कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ईई बाढ़ खंड अजय कुमार ने नक्शे के माध्यम से पूरे परिदृश्य को रेखांकित किया। मंत्री ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की, ग्रामीणों ने उन्हें कटान से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। ग्रामीणों ने मांग की कि आबादी के साथ-साथ खेतों के कटान को भी बचाया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद सिंचाई अधिकारियों से वार्ता कर माथुरपुरवा में घाघरा के कटान से पीड़ित किसानों की भूमि बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने के संबंध में ईई (बाढ़खंड) को जरूरी निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, प्रभावित जनमानस की मौजूदगी में कटान से बचाव हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अफसरो को तात्कालिक काम कराने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणों की मांग का तकनीकी परीक्षण करते हुए ग्रामसमूहों को बचाने के लिए दीर्घकालिक परियोजना बनाकर शासन एवं उन्हें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ और कटान ग्रस्त क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर हम प्रभावित परिवारों से मिल रहे हैं और उनका दुख बांट रहे हैं। बाढ़ से पीड़ित लोगों की हर संभव सहायता के लिए प्रदेश सरकार पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रही है। सरकार हर परिस्थिति में आपके साथ है।राशन किटों के माध्यम से परिवारों को राहत प्रदान की जा रही है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कटान से प्रभावित अकबर, कल्लू, मोहन लाल,मोना, रामकिशुन, राम कुमेश, रंगीलाल, शौकत, संतोष को उनके खाते में भेजी भूमि कटान के लिए अनुमन्य सहायता की प्रतीकात्मक चेक प्रदान की।

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जिले के प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग उप्र नितिन अग्रवाल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह संग जिले की तीन तहसीलों गोला, निघासन और धौरहरा के बाढ़, कटान प्रभावित गांवों में पीड़ितों का हालचाल लिया। राहत सामग्री देने के साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जिले में बाढ़ के हालात का जायजा लेने के उद्देश्य से सर्वप्रथम गोला तहसील के परिषदीय विद्यालय



पूजागांव आषाढी पहुंचे, जहां उन्होंने पूजागांव आषाढी और करसोर गांव के बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर हालचाल जाना और खाद्यान्न किट भी प्रदान की। कहा कि इस विभीषिका में सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। सभी बाढ़ पीड़ितों को भोजन, शुद्ध पेयजल, दवा, सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मुझे आपका दुख दर्द जानने यहां भेजा है। प्रभावित क्षेत्रों में हर प्रकार की सुविधा, सहायता प्रदान करने में कोई कमी नहीं रहेंगी। उन्होंने प्रभावितों से जाना कि उन्हें फसलों का मुआवजा और खाद्यान्न किट मिली है। जवाब आया हां, साहब मिली है। मंत्री के पूछने पर एसडीएम (गोला) विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में जुलाई माह में आई बाढ़ से प्रभावितो को अनुमन्य मकानक्षति संबंधी मुआवजा, कृषि निवेश प्रदान किया जा चुका है। मंत्री ने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त घरों के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किया जाए। कोई भी प्रभावित व्यक्ति मुआवजा से वंचित न रहने पाए। ग्रामीणों से पूछा पानी निकल गया। जी निकल गया। उन्होंने निर्देश दिया कि पूरे गांव में छिड़काव, साफ सफाई कराने के साथ-साथ गांव के प्रत्येक घर और परिवार के सदस्यों की मेडिकल स्क्रीनिंग कराई जाए। ग्रामीणों ने मांग की कि जिस बंधे पर हमने शरण ली वहा प्रकाश व्यवस्था की जाए। मंत्री ने अफसरों को समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने को कहा। मंत्री ने कहा कि यदि डूब क्षेत्र के बाहर बसाने पर सहमति दें, तो कहीं और बसाया जाए। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीणों को बसाने के लिए दरियापुर में जगह चिन्हित की गई है। प्रभावित परिवारों ने मंत्री से डूब क्षेत्र में बाढ़ बचाव कार्य कराए जाने की मांग की। मंत्री के पूछने पर एडीएम ने बताया कि सर्वे पूरा करते हुए सभी कच्चे, पक्के क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा एक सप्ताह में भेज दिया जाएगा।

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने करीब 11.25 बजे निघासन तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव ग्रट नंबर 12 का दौराकर पीड़ितों से बातचीत कर राहत सामग्री बांटी। यहां भी उन्होंने पीड़ितों को सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। सीएम आपकी समस्या को लेकर चिंतित हैं। उनके निर्देश पर आपसे मिलने, व्यवस्थाओं की पड़ताल करने के लिए यहां आया हूं। पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। आश्वस्त किया कि सभी प्रभावितो को अनुमन्य सहायताएं अवश्य मिलेगी। प्रभावित इलाकों में शासन पीड़ितों की मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।

उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनका दुख दर्द जाना। उन्होंने पूछा कि डूब क्षेत्र के बाहर बचाने को तैयार हो। इस पर प्रभावितों ने अपनी-अपनी राय रखी। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विधायक शशांक वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम राजीव कुमार निगम की मौजूदगी में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए आठ मकान के स्वामियों को एक लाख बीस हजार मुआवजे की प्रतीकात्मक चेके दी। कहा कि चेक में अंकित धनराशि से संबंधित के खातों में भेज दी गई। वही मंत्री ने प्रभावित 850 लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग कटान स्थल पर जाकर हालत देखे। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की, ग्रामीणों ने उन्हें कटान से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

## पुरानी रंजिश में चली गोली, ट्रामा सेंटर रेफर

**दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने एक आरोपी को लिया हिरासत में**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




### एक आरोपी हिरासत में

रिंकी देवी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों रवि त्रिवेदी और विनय त्रिवेदी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुभाष नगर मोहल्ले में गुरुवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते दो भाइयों ने मिलकर एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से 25 वर्षीय अमन कश्यप लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिवार वालों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी रिंकी देवी ने बताया कि उनके बेटे अमन कश्यप का करीब 20 दिन पहले मोहल्ला कुंतीपुरम के रहने वाले रवि त्रिवेदी और विनय त्रिवेदी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश को लेकर गुरुवार रात करीब 11:30 बजे दोनों आरोपी उनके घर आ धमके। घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। अमन जब शोर सुनकर घर से बाहर आया, तो विनय त्रिवेदी ने उसे तमंचे से गोली मार दी।गोली अमन की पीठ में लगी, जिससे वह खून से लथपथ होकर मौके पर ही गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग और परिवार वाले दौड़े। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

घायल अमन को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल ट्रामा सेंटर में भर्ती अमन की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## गोला के सुनार को चोरी के जेवरात खरीदने के आरोप में नोएडा पुलिस ने हिरासत में लिया

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



शुक्रवार को नोएडा पुलिस चोरी के मामले के एक आरोपित की शिनाख्त पर गोला के एक सोने चांदी के व्यापारी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बकौल गोला पुलिस आरोपी सुनार अक्सर चोरी के सोने चांदी के जेवरातों की खरीद फरोख्त करता था। पूर्व में कई मामलों में चोरी का माल खरीदने में उसका नाम शामिल रहा है। मामले की जांच के बाद आरोपी सुनार को पुलिस हिस्ट्रीशीट में शामिल करने की बात कह रही है। बता दें कि नोयडा में एक बडी चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों व आरोपितों को गिरफ्तार किया था। जिनमें एक आरोपी की निशानदेही पर नोयडा पुलिस की टीम शुक्रवार को गोला पहुंची। जहां थाने से पडताल करने के बाद आरोपित सुनार की खुटार रोड स्थित दुकान पर पहुंची। जहां आरोपी की शिनाख्त पर दुकानदार अतुल राजपूत को नोयडा पुलिस ने धर दबोचा। इसके बाद उसे अपने साथ नोयडा ले गई। वहीं दुकानदार के परिवारजन मीडिया से इस मामले पर कुछ भी बताने से गुरेज करते नजर आए। रविंद्र कुमार पांडे क्राइम इंस्पेक्टर ने बताया। कि नोयडा की किसी घटना में शामिल अभियुक्त की निशानदेही पर नोयडा पुलिस गोला से एक आरोपित सुनार को गिरफ्तार करके ले गई है। इस सुनार का नाम पूर्व में भी चोरी की घटनाओं के जेवरात खरीदने में गोला पुलिस रिकार्ड में दर्ज है।

## दूरस्थ शिक्षा माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश पूर्व परामर्श सत्र कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

लखीमपुर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय गोला में स्थिति केन ग्रोअर्स नेहरु पी.जी. कालेज, खुटार रोड स्थित श्री गुरु हरिकिशन डिग्री कालेज, श्रीगुरु नानक कन्या महाविद्यालय में प्रवेश पूर्व परामर्श सत्र कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रवेश पूर्व परामर्श कार्यक्रम की शुरुआत गोला नगर के सबसे प्राचीन महाविद्यालय केन ग्रोअर्स नेहरू पी.जी. कालेज से की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ नीरांजलि सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों को दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता व उससे होने वाले दूरगामी लाभ के विषय में जानकारी दी। साथ ही घर घर व द्वार द्वार तक शिक्षा की जानकारी पर विशेष बल दिया। डॉ नीलांजलि ने विद्यार्थियों का उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के तहत चलाए जाने वाले विभिन्न प्रोग्राम जिसमें सर्टिफिकेट, डिग्री, डिप्लोमा आदि की विस्तृत जानकारी दी। समय एवं विषय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए प्रमुख रुप से एम.एस.डब्ल्यू, रिमोट, सेंसिंग, योगा में डिग्री, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए जाने के साथ विशेष रुप से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रम व प्रोग्रामों की सर्टिफिकेट व डिग्री कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. सिन्हा ने पं. दीन दयाल की उस उत्कर्ष सोच को भी साझा किया। जिसमे समाज में आखिरी पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात कही है। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य



डा पंकज सिंह, अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ पीयूश कुमार शुक्ल ने प्रो. विवेक कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार सरोज, डा अमित कुमार यादव, अनिल सिंह, प्रदीप कुमार, प्रशांत गिरि, श्रीगुरु हरिकिशन कालेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह, डॉ. आदर्श दीक्षित, पदुमकांत मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, सुधाकर मिश्र, श्वेतांक सक्सेना, आकाश शर्मा, वेदिका पुरवार, कन्हैया लाल मिश्रा, सुनील गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अरुण शुक्ला, श्री गुरुनानक कन्या महाविद्यालय के डॉ. अंजू भोगल, डॉ. हिमांशू शुक्ला, डॉ. सीमा पाठक, शालिनी मिश्रा, धनेन्द्र कुमार वर्मा सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सभासदों को दिलाई शपथ



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने प्रेसवार्ता कर सभासदो को स्वच्छता की शपथ दिलाई व नगर पंचायत को साफ सुथरा बनाने की अपील की व मुख्य चौराहे पर साफ सफाई के प्रति सजग रहने के लिये झाड़ू लगाकर प्रेरित किया।

नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य व ईओ दिनेश शुक्ला ने सभी पत्रकारो के साथ प्रेसवार्ता कर अपने सभासदो के साथ स्वच्छता पखवाडा के तहत सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई व ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं नगर पंचायत की साफ सफाई करते हुये कस्बे के मुख्य चौराहे पर झाड़ू लगाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान मुन्ना यूनिक, विनोद वर्मा, असलम खान, पिंटू वर्मा, राजू गिरि, दयाशंकर पाल सहित सभी वार्ड सभासद मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा ने सदस्यता के संबंध में की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पूर्वउपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने जनप्रतिनिधियों के साथ सदस्यता के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों को दिए गए सदस्यता टारगेट के विषय में पूछताछ की एवं भविष्य के सदस्यता संबंधी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी सदस्यता को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है हमारा प्रत्येक जिम्मेदार कार्यकर्ता समर्थक व जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को डिजिटल व फार्म के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बना रहे है। लोग बढ़ चढ़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं जिससे भाजपा परिवार निरंतर बड़ा होता जा रहा है भारतीय जनता पार्टी अपने जन्म काल से सिद्धांत के आधार पर चलने वाली पार्टी रही है और अनंत काल तक भारत माता की सेवा करने का संकल्प लेकर अपने पदाधिकारी के साथ राष्ट्रीय हित के कर्तव्य पथ पर चलायमान है इस अवसर पर डॉ दिनेश शर्मा ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपने लक्ष्य पूरा करने का संकल्प भी दिलवाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज हम सबके लिए सौभाग्य का विषय है की मुख्य अतिथि के रूप में हम सबके संरक्षक पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन व राज्यसभा के सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा हम सब के साथ हैं और हमारे कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं निश्चित तौर से उनके द्वारा प्रदान की गई ऊर्जा से हमारे कार्य को और गति मिलेगी कार्यक्रम का संचालन जिला सदस्यता प्रमुख सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया। डॉ दिनेश शर्मा द्वारा पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हुसैनगंज बूथ पर जाकर लोगों को पार्टी का सदस्य भी बनाया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, सिधौली विधायक मनीष रावत निवर्तमान विधायक लहरपुर सुनील वर्मा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, विश्राम सागर राठौर, आकाश अग्रवाल, अजयविश्वकर्मा, नैमिष रतन तिवारी, जया सिंह मनोज तिवारी सहित समस्त ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य गण व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए व्यक्ति की शारदा नहर से लाश हुई बरामद

जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी



**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला शाहकुली पुर निवासी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता नवयुवक का शव तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदीपुर पुल के पास शारदा नहर से बरामद, पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 15 सितंबर को नगर के मोहल्ला शाहकुलीपुर निवासिनी तरन्नुम पत्नी सिराज ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उसका पति सिराज 22 वर्ष विगत 13 सितम्बर को घर से बिना कुछ बताएं अचानक लापता हो गया था, पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता नवयुवक की तलाश कर रही थी, लापता युवक की पुलिस व परिजनों के द्वारा भी तलाश की जा रही थी, मंगलवार रात तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदीपुर पुल के निकट शारदा सहायक नहर में एक शव पानी में बहता हुआ देखकर, स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई, मौके पर पहुँचे परिजनों ने शव की शिनाख्त सिराज के रूप में की, सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, तालगांव पुलिस व पुलिस क्षेत्राधिकारी लहरपुर ने मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए भेजवा दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, मृतक की पत्नी तरन्नुम की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि, शव को पीएम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस नौजवान की संदिग्ध मौत पर पुलिस को माता-पिता पारिवारिक जनों के अलावा मोहल्ले के इसके दोस्त तथा इसकी उठक बैठक किन लोगों के साथ रहती थी इस पर भी जांच करनी चाहिए क्या इसने किसी बात पर आक्रोश में आकर आत्महत्या कर ली या इसको किसी विशेष कारण से इसकी हत्या कर दी गई।

## के एस इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ शुभारंभ





जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

लखीमपुर रोड स्थित स्थानीय विद्यालय कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ए.पी.सरोज की अध्यक्षता में एवं विद्यालय प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्र की उपस्थिति में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ क्रीड़ा ध्वज फहराकर एवं मशाल जलाकर किया गया। खेलकूद के कार्यक्रम का संचालन आशीष पांडे ने किया।प्रथम दिवस में आयोजित होने वाली विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में मनदीप ने 100मी, 400मी, 600 मी की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, छात्रा दृष्टि वर्मा ने 400मी तथा 600 मी दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांगी वर्मा ने लंबी कूद में व 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुनील कुमार ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खेल शिक्षक श्याम मूर्ति शुक्ला ने बताया कल गोला फेक, चक्का व भाला फेंक प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। कार्यक्रम में लखपत भारती, डॉ.अनिल कुमार, रामनरेश वर्मा, ओमप्रकाश यादव, देवेंद्र सिंह, सरोज कुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## बाढ़ के पानी में बंद हुई विधायक-सांसद की मोटरबोट



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में कटरी के इलाके में आई बाढ़ का जायजा लेने के लिए निकले सांसद जयप्रकाश और सवाईजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू मुसीबत में फंस गए। दोनों जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों और कुछ समर्थकों के साथ अरवल से सुदनीपुर मोटर बोरट से जा रहे थे। इसी दौरान मोटर बोट का मोटर ही बंद हो गया। तकरीबन पांच मिनट तक मोटर बंद होने के कारण बोट फंसी रही। इसके बाद बोट स्टार्ट होने से इसमें सवार लोगों ने राहत की सांस ली। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने बताया कि मोटर में कचड़ा फंस गया था। कचड़ा निकलते ही मोटर बोट स्टार्ट हो गई।

## एसडीएम राजीव निगम ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । सिगाही खीरी

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत में बने गौशाला में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण गायों को काजी हाउस में शिफ्ट किया गया साथ ही गौशाला में पानी निकालने के समुचित व्यवस्था की गई जबसे नगर पंचायत का अतिरिक्त कार्यभार एसडीएम राजीव निगम ने संभाला है तब से कस्बे में कोई भी समस्या हो एसडीएम साहब स्वयं जाकर के बारीकी से निरक्षण करते हैं जैसा की गौशाला में बाढ़ के पानी की वजह से नगर पंचायत में बने गौशाला में बाढ़ का पानी घुस गया था जिसकी वजह से जानवर परेशान थे साथ ही गाय का चारा भी लगभग सड़ने लगा था जिसकी सूचना एसडीएम राजीव निगम को मिली सूचना मिलते ही एसडीएम साहब ने समस्त गायों को काजी हाउस में शिफ्ट कराया और जानवरों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था कराई साथ ही गौशाला का बारीकी से निरीक्षण भी किया और बाढ़ के पानी को रोकने के लिए विचार विमर्श किया इस दौरान नगर पंचायत स्टाफ समेत सफाई कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार को पिकप ने मारी टक्कर, 5 माह के मासूम की हुई मौत

**घायलों को किया लखनऊ रेफर**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** लखनऊ से दवा लेकर वापस जा रहे एक बाइक सवार परिवार को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पांच माह के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पति, पत्नी व बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने सभी घायलों को लखनऊ रिफर कर दिया। रामपुर मथुरा क्षेत्र के ढखवा गांव निवासी मोहन (30) पुत्र शिवपाल अपनी पत्नी अंजली (25) बहन मोहिनी (18) व अपनी पांच माह की अबोध बेटी निधि को लेकर बाइक से लखनऊ दवा लेने गये थे। दवा लेकर मोहन परिवार सहित वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी बीच महमूदाबाद- रेउसा मार्ग पर बसावनपुर के निकट तेज रफ्तार गोवंश लदी पिकअप ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पूरा परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां डाक्टरों ने पांच माह की मासूम निधि को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य सभी की स्थिति गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया। टक्कर मारकर भाग रही पिकअप को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और सदरपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सूचना पर विधायक आशा मौर्या ने सीएचसी पहुँचकर घायलों का हालचाल लिया। विधायक ने पिकअप में लदे गोवंशों की जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिये।

# गोरखनाथ मंदिर में आई दुर्लभ पुंगनूर नस्ल की गाय

**✻ सीएम योगी ने गोवंश को दुलारा,अपने हाथों से खिलाया गुड**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखनाथ मंदिर एक बार फिर गौ सेवा के प्रति अपनी विशेष पहचान को और भी गौरवशाली बना चुका है। देशभर में गौ सेवा के लिए प्रसिद्ध गोरक्षपीठ की गोशाला में अब आंध्र प्रदेश की अत्यंत दुर्लभ और चर्चित पुंगनूर नस्ल की गायों का आगमन हुआ है। शुक्रवार सुबह जब मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गौशाला में इस नन्हीं जोड़ी (बछिया और बछड़ा) का स्वागत किया, तो यह दृश्य भावनाओं से भरा हुआ था।



### मुख्यमंत्री का पुंगनूर नस्ल के गोवंश से भावनात्मक जुड़ाव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुंगनूर नस्ल के गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाते हुए उनके माथे पर हाथ फेरा और बड़ी ममता से कहा, फ्तुम्हें माई की याद आ रही है ना!फ्र इस पल ने वहां मौजूद हर किसी के दिल को छू लिया। मंदिर की गोशाला में आई यह जोड़ी न केवल अपने छोटे और प्यारे आकार के कारण आकर्षण का केंद्र बनी, बल्कि पुंगनूर गाय की अपनी विशेषता भी इसे और खास बनाती है, क्योंकि यह नस्ल देश में बहुत दुर्लभ मानी जाती है।

### परंपरागत दिनचर्या के साथ गोसेवा का विशेष महत्व

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार की सुबह परंपरागत रूप से गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के साथ शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने गोशाला में श्यामा, गौरी, गंगा, भोला जैसे नामों से गोवंश को पुकारा। योगी की यह आवाज गोवंश के लिए जानी पहचानी है, और उनकी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी गोवंश को अपने हाथों से दुलारा और गुड़ खिलाकर उनके प्रति अपना स्नेह जताया।

### गौशाला में गोवंश की देखभाल पर सीएम योगी की नजर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गौशाला के कर्मचारियों से गोवंश के स्वास्थ्य और देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने गोवंश के पोषण और स्वास्थ्य के लिए जरूरी निर्देश भी दिए, ताकि यह सेवा और संरक्षण निरंतर चलता रहे। गोरखनाथ मंदिर की यह गोशाला, पुंगनूर गायों के आगमन के साथ, अब गोसेवा के प्रति समर्पण की एक और मिसाल पेश कर रही है।

## आपदा बचाव में प्रत्येक विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका: डीएम

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर महानगर के मोहद्दीपुर क्षेत्र स्थित दो प्रमुख मालों में भूकंप एवं अग्निकांड के दौरान की जाने वाली गतिविधियों का संजीव प्रस्तुतीकरण किया गया।

आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आपदा में घटित होने वाली घटना में की जाने वाली कार्यवाही आईआरएस के अंतर्गत किया गया। आईआरएस में सभी विभाग,कार्यालयाध्यक्षों के कार्य एवं उत्तरदायित्व का निर्धारण किया गया है।

अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम के नेतृत्व में आपदा प्राधिकरण कार्यालय, कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला ईओसी का संचालन किया गया। वायरलेस सेट के माध्यम से सूचनाओं का प्रेषण तथा विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाई का दस्तावेजीकरण का कार्य किया गया।

मोहद्दीपुर से एयरपोर्ट जाने वाली मुख्य मार्ग को घटित आपदा के दृष्टिगत ग्रीन कॉरिडोर में परिवर्तित करते हुए रूट को डायवर्ट किया गया। पेडलेगंज और यूनिवर्सिटी की तरफ से आने वाले वाहनों को मोहद्दीपुर से चार फाटक फ्लावर के नीचे से





हाइडिल रोड होते हुए मूव कराया गया जिससे कि राहत एजेंसियां त्वरित रूप से घटना स्थल तक पहुंच सके। विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने, आवश्यक दिशा निर्देश देने तथा सूचनाओं के प्रेषण हेतु गोपाल मंदिर परिसर में स्टेजिंग एरिया एवं कमांड पोस्ट का निर्माण किया गया। उक्त स्थल पर पुलिस विभाग द्वारा वायरलेस स्टेशन की स्थापना, राजस्व, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य, नगर निगम, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन आदि विभागों ने अपने संसाधनों का प्रदर्शन करते हुए पोस्ट की स्थापना की। स्टेजिंग एरिया का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) गोरखपुर ने किया।

11वीं वाहिनी एनडीआरएफ एवं अन्य विभागों के सहयोग से ऑर्किड ग्रीन अपार्टमेंट में भूकंप के दौरान फंसे लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया।

## समाज में व्याप्त बुराइयों को दुर करना ही मेरा लक्ष्य: रवि चाणक्य

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

भारत की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबसे संभाला है तभी से देश में विकास की गति बहुत तेजी से बढ़ रही हैं और यही कारण है कि भारत के साथ साथ दुनिया भर के लोग आज मोदी को पसंद कर रहें हैं। जनता की बात नेता चुनाव लड़ने के दौरान ही सुनते है। उसके बाद वह जनता की कौन पूछे कार्यकर्ताओं तक फोन नहीं उठाना चाहते हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे इसी लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विचार मंच का गठन किया गया है।

उक्त बातें कसया नगर स्थित भाजपा नेता दयाशंकर पांडेय के आवास पर नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक रवि चाणक्य ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केवल मोदी की गारंटी से देश का भला होने वाला नहीं है। सभी प्रत्याशीयों को भी अपनी गारंटी देनी पड़ेगी। इसी का नतीजा रहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की स्थिति खराब रही। चुनाव में राष्ट्रवाद की राजनीति होनी चाहिए। जातिवाद और धर्मवाद की राजनीति से काम नहीं चलेगा। बहुत से



योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल सका। कहां क्या कमी है, इसकी तलाश की जा रही है। प्रशासन भी निरंकुश था। वोट गरीब जनता और कार्यकर्ता दिलाते हैं। असल में जो सत्ता का सुख लेते हैं वे वोट डालने ही नहीं जाते। यही कारण है कि मतदान प्रतिशत कम होता जा रहा है। जनता समझदार है। अब नेताओं को उन सभी लोगों का उनका कार्य करना पड़ेगा। मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक हो तो काफी सहूलियत मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन तथा वन आईडी कार्ड नीति पर विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का मुख्य कारण जनसंख्या विस्फोट है। सरकार हर हाथ में काम मिले इस पर छोटे-बड़े उद्यमियों से बात कर योजना बना रही है। एक सवाल पर कहा कि कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान न होना यहां की जनता के लिए निराशा है। विमानन कंपनियों का कहना है कि यहां पर सवारियों की संख्या कम है, फ्यूल का खर्च नहीं निकल पाता है। इस लिए उड़ान बंद करना पड़ा। इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों और सरकार में बैठे लोगों से बात करूंगा। देश मे साइबर क्राइम बढ़ा है। सरकार इस पर रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। सरकार ने देश हित में एक से बढ़कर एक कदम उठाकर काम कर रही है इस अवसर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक पांडेय, पूर्व ग्राम प्रधान दीपक पांडेय, पूर्व जिपंस दीपक द्विवेदी, गुड्डू पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## देवरिया पुलिस ने 10 घण्टे के अन्दर 5 वर्षीय अपहृत बच्चे को किया बरामद

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जनपद के थाना सुरौली क्षेत्रान्तर्गत बब्बन सिंह इण्टर मीडिएट कॉलेज हरैंया के सामने किराए के मकान में रह रहे राजेन्द्र राजभर पुत्र स्वर्गीय रामचन्द्र जो दि 19/20 सितंबर 2024 की रात्रि में घर के बाहर परिवार के साथ सोए हुए थे, सुबह नींद खुली तो देखा कि उनका 5 वर्षीय पुत्र गायब था जिसके सम्बन्ध में बच्चे के पिता राजेन्द्र राजभर की तहरीर के आधार पर थाना सुरौली में 183/24 धारा 137(2) बीएनएस का अभियोग अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए पुलिस टीम द्वारा 10 घण्टे के अन्दर बस स्टेशन देवरिया के पास से बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया एवं अपहरण में शामिल 2 अभियुक्तों रोशन विश्वकर्मा पुत्र महंत विश्वकर्मा तथा गुड्डू पासवान पुत्र स्वर्गीय रामबढ़ई पासवान निवासी बहोरवा थाना सुरौली जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर लिया ।



### अपहरण कर बच्चे को बेचने की फिराक में थे अभियुक्त- सीओ बरहज

पुलिस क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य गौतम ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से पुछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग यहीं पास क्षेत्र के हैं और पैसे के लिए बच्चे को उठा लिए थे और उसे बेचने की फिराक में थे लेकिन पुलिस की गतिविधि को देखकर हम इधर-उधर भागने लगे कि पुलिस टीम द्वारा हमें पकड़ लिया गया । पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## सरकार की दमनकारी नीतियों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जताया आक्रोश

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई कसानगंज के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने ब्लॉक परिसर में स्थित शिव मंदिर पर शुक्रवार को बैठक कर सरकार के दमनकारी नीतियों पर चर्चा कर आक्रोश जताया। बैठक को सम्बोधित करती हुई जिलाध्यक्ष रजिया आग ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्री एव सहायिकाओं के साथ सौतेला व्यवहार कर प्री प्राइमरी एजुकेटर एवं प्रधान एजुकेटर की भर्ती करने जा रही है तत्काल नियुक्ति पाने वाले एजुकेटर एवं प्रधान एजुकेटर का मानदेय 10312 रुपए या उससे ऊपर देने की बात कर रही है परंतु 40 वर्षों से लगातार सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को मात्र 3000 से 6000 ही दिया जा रहा है जो सरासर गलत है इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष गिरीश पांडेय के नेतृत्व में विरोध किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मनोरमा तिवारी ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है परंतु इनको कोल्हू का बैल बनाकर छोड़ दी है मेरी बहनों जागो उठो और संघर्ष करो नहीं तो सरकार आपकी हक देने वाली नहीं है।

ब्लॉक संरक्षक सुरेश मिश्रा ने कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी अपनी एकता का परिचय देकर अपना हक लेने का काम करें अगर हमें हमारा हक नहीं मिला तो हम लोग व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## पुलिस ने पिकप पर लदे साठ बोरी चीनी लहसुन सहित चालक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पनियरा,महाराजगंज

पनियरा थाना क्षेत्र के करमहिया नहर पर चौराहे पर शुक्रवार की शाम तकरीबन पांच बजे पनियरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिकअप में भारी साठ बोरी चीनी लहसुन बरामद किया ।चीनी लहसुन की तस्करी पर लगाम कसने के प्रयास के बावजूद महाराजगंज जिलों में तस्करो के हौसले बुलंद इस लहसुन को परिवहन से जुड़ी दस्तावेज चालक रजनीश दुबे निवासी डिग्री थाना टूटी बड़ी महाराजगंज द्वारा पेश नहीं किया जा सका यह कार्रवाई उपनिरीक्षक अख्तर आलम के नेतृत्व में की गई जिसमें उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह और हेड कांस्टेबल अशोक कुमार वर्मा शामिल थे पुलिस ने वहां कोशिश कर चालक को हिरासत में ले लिया और मामले में विधिक करवाई जा रही है कुछ दिनों पहले ही हजारों कुंतल चीनी लहसुन को बारामती कर डंपिंग किया गया था और कई बार सीमा से सटी इलाकों में चीनी लहसुन की बरामदगी की जा चुकी है। इसके बावजूद तस्करों द्वारा लगातार इस अवैध व्यापार के धन्धे को अंजाम दिया जा रहा है महाराजगंज में चीनी लहसुन की तस्करी को रोकने के लिए की जा रही सख्त कार्रवाई के बावजूद तस्कर का नेटवर्क मजबूत बना हुआ है जिले में लगातार हो रही तस्करी की घटना ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी सदर आभा सिंह ने पहले बताया कि मामले की जानकारी है तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तत्पश्चात अपना बयान बदलते हुए सीओ सदर ने बताया कि पिकप पर लदे चीनी लहसुन सहित चालक को कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकासखंड स्तरीय पशु मेले का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरी

गोरखपुर - तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा गजाईकोल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकदिवसीय विकासखंड स्तरीय पशु मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में सैकड़ों पशुपालक और किसान उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से गांवों के किसान भाइयों को पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। डॉक्टरों से मिली सलाह और जानकारी से किसान अपने पशुओं की देखभाल बेहतर ढंग से कर



सकेंगे, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी। पशु चिकित्सक डॉक्टर अजय कुमार पटेल ने पशुपालकों को पशु लोन और पशु क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी दी। इसके साथ ही मेले में पशुपालकों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। डॉ. अतुल यादव, डॉ. शिवनारायण, और डॉ. आलोक सिंह ने भी पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल पर विस्तृत चर्चा की और आवश्यक सलाह दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान वकील यादव, धर्मेन्द्र यादव, टुनटुन बाबा, राम नगीना निषाद, अब्दुल हमीद, और संदीप यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मेले में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और पशुपालन से संबंधित जानकारियों का लाभ उठाया। इस आयोजन से किसानों को अपने पशुओं के बेहतर पालन-पोषण के साथ-साथ आर्थिक सहायता के साधन भी प्राप्त हुए।

## आरटीआई का दुरुपयोग करने वालों को करें चिन्हित: राज्य सूचना आयुक्त

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि प्रत्येक अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़ा होता है। सूचना के अधिकार पर भी यह लागू होता है। इसलिए इस अधिकार का सुपयोग ही होना चाहिए। जन सूचना अधिकारी ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो इसका दुरुपयोग करते है। प्रारूप तीन के आवेदन संग्रहित करें। इससे कार्य आसान हो जायेगा। राज्य सूचना आयुक्त आज गोरखपुर एनेक्सी भवन में जन सूचना के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब और पीड़ित लोगों के आवेदनों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्हें यथा शीघ्र सूचना प्रदान करनी चाहिए। यह प्रयास होना चाहिए कि ऐसे आवेदकों को परेशान ना होना पड़े। आवेदनों पर उनकी त्वरित कार्रवाई से आमजन का जन सूचना के प्रति विश्वास बढ़ता है।




उन्होंने कहा कि अक्सर गरीब लोगों की समस्याओं की याथोचित सुनवाई नहीं हो पाती। ऐसे लोगों की समस्याओं के समाधान में जन सूचना अधिकारी योगदान कर सकते है। जन सूचना अधिकारी यदि गरीबों पीड़ितों को प्राथमिकता के आधार पर सूचना देंगे, तो इसका सकारात्मक संदेश समाज में जायेगा।

## सपा ने बंद पड़ी गणेश शुगर मील को चालू किए जाने की मांग की, सौंपा पत्रक



जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज

फरेन्दा में वर्ष (1994) से बंद पड़ी हुई गणेश शुगर चीनी मिल फरेंदा,आनन्दनगर को गन्ना किसानों के हित में पुनर्जीवित कर चालू किए जाने की मांग किया। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में एसपी कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को फरेंदा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार,तहसीलदार अमित कुमार सिंह के जरिए पत्रक भेजकर चालू किए जाने की मांग किया है। उन्होंने पत्रक में उल्लेखित किया है कि ग्राम अंचल की एकमात्र चीनी मिल आनन्दनगर महराजगंज इकाई जो भारत सरकार का उपक्रम है एवं कपड़ा मंत्रालय के अधीन नेशनल टेक्सटाइल्स कॉरपोरेशन (एनटीसी) लिमिटेड कानपुर द्वारा संचालित है। लगभग तीस सालों से यह चीनी मिल बंद पड़ी हुई हैं, और आज तक धुआं नहीं निकला, जिससे किसानों का बहुत नुकसान हो रहा हैं। यहां के किसान काफी चिंतित हैं और आस लगाए बैठे हैं।तीन फरवरी (1994) से उत्पादन कार्य बंद हो जाने से काफी क्षति हुई है,जिससे इस ग्राम अंचल के गन्ना किसानों के आय का स्त्रोत कम हो गई है ।उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि पूर्व में भी गणेश शुगर मिल फरेंदा को चालू किए जाने हेतु अपने साथियों एवं किसानों के साथ उपजिलाधिकारी फरेंदा के माध्यम से 6 अप्रैल 2018 को एक मांग पत्र तथा 24 सितंबर 2018 से 29 सितंबर 2018 तक एवं 27 दिसम्बर 2018 ,से दो दिवसीय धरना एवं सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन उपजिलाधिकारी फरेंदा के माध्यम से भेजा गया था, किंतु आज तक उक्त विषयों पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया। उक्त मिल को पुनर्जीवित कर चालू किया जाना किसानों के हित में अति आवश्यक है।इस दौरान पवन कुमार यादव उर्फ शिकंजे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,अनिरुद्ध यादव, राजकुमार यादव ,वीरेंद्र सिंह यादव सुग्रीव मौर्य, सुग्रीव प्रसाद सहित तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### सीएचसी बनकटी में स्वच्छता पखवाड़े की उड़ाई जा रही धज्जियां, जिम्मेदार बेपरवाह

जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज। गोरखपुर -सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बनकटी में स्वच्छता पखवाड़ा का धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अस्पताल परिसर लगा गंदगी का अंबार जिम्मेदार बेपरवाह। अस्पताल परिसर के विभिन्न जगहों पर पान, गुटखा खाकर थूक कर गंदगी करके अस्पताल के तस्वीर को बदलने में माहिर हो गए हैं जिससे स्वच्छता पखवाड़ा मजाक बनकर रह गया है और सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही है तथा स्वयं को बीमार अस्पताल विभिन्न बिमारियों को दावत भी दे रहा है। अस्पताल परिसर में इलाज कराने आए हुए दर्जनों मरीजों ने बताया कि जब अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार हैं और खुद ही बीमार है तो यहां दूसरे मरीजों के उपचार लाभकारी कैसे होंगे। जहां एक तरफ पीएम मोदी और सीएम योगी की सरकार स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का नारे को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की एसएसपी ने स्वयं की मदद

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जनपद में तमाम अधिकारी है मगर पिछले दो सालों से अधिक समय से जिले की कमान संभाल रहे तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर का मानवीय चेहरा भी आज देखने को मिला जब वह हरिओम नगर तिराहे से उनकी स्कॉर्ट गाड़ी गुजर रही थी इसी दौरान मोटरसाइकिल और ई रिक्शा में टक्कर हो गई जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया



रास्ते से गुजर रहे एसएसपी ने तुरंत अपनी गाड़ी रोककर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए पुलिस की गाड़ी से अस्पताल भिजवाए फिलहाल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और वह खतरे से बाहर है पुलिस का यह मानवीय चेहरा देखकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने गोरखपुर पुलिस की प्रशंसा की । पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है जिसकी एक बानगी भी आज देखने को मिली जब खुद घायल व्यक्ति के मदद के लिए एसएसपी दौड़ पड़े । ऐसे तो पुलिस की कमियां सभी को दिखाई देती है लेकिन अच्छाई भी देखनी चाहिए । पुलिस ही हमेशा हमारी आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है।

## रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में बरती जाए पूर्ण पारदर्शिता: राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

स्टाम्प, न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के वीवीआईपी गेस्ट हाउस स्थित सभाकक्ष में निबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। रजिस्ट्री संबन्धी कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

राज्य मंत्री ने समस्त निबंधक कार्यालयों में उप निबंधक कक्ष सहित 6-6 सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित



किया। उन्होंने कहा कि निबंधक कार्यालय की प्रत्येक गतिविधि की निगरानी होने से पारदर्शिता बढ़ेगी। रजिस्ट्री के पेपर क्रेता को उसी दिन हाथों-हाथ मिलना चाहिए। रजिस्ट्री संबन्धी दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए क्रेता को अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। समस्त उप निबंधक सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में रजिस्ट्री संबन्धी दस्तावेज किसी थर्ड पार्टी को नहीं दिया जाएगा।

राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि क्रेता रजिस्ट्री के दस्तावेज के साथ एक

### निर्धारित शुल्क जमा कर क्रेता प्राप्त कर सकते हैं समरी सीट

पन्ने का समरी-शीट दस्तावेज भी निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम तौर पर रजिस्ट्री के दस्तावेज कई पन्नों के होते हैं, जिसमें अकसर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में समय लगता है। लेकिन, प्रदेश सरकार द्वारा की गई शुरुआत के तहत एक पन्ने का दस्तावेज भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें क्रेता-विक्रेता का नाम, भूमि की चौहद्दी, मूल्य इत्यादि से संबंधित जानकारियां उल्लिखित रहती हैं। इस योजना से जुड़ी जानकारी समस्त निबंधक कार्यालयों में दृश्य स्थलों पर प्रदर्शित की जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही रजिस्ट्री का दस्तावेज एक फोल्डर में दिया जाएगा। इन फ़ोल्डरों का निर्माण स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराने के संबन्ध में निर्देशित किया। राज्यमंत्री ने जनपद के समस्त तहसीलों के उप निबन्धक कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिस अनुपात में जनपद में सर्किल रेट बढ़े हैं, उसी अनुपात में राजस्व भी बढ़ना चाहिए।

# नाबालिग रेप मामले में आरोपियों की याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

नाबालिग के साथ रेप कर शादी के लिए बेचने वाले आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज हो गई है। आरोपियों के अधिवक्ता ने याचिका वापस ले ली है। आरोपियों के अधिक्ता ने कहा कि आत्मसमर्पण कर नियमित जमानत के लिए याचिका दायर करेंगे। रेप करने वाले दो तांत्रिकों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मुख्य आरोपी फरार हैं। थाना सैंया अंतर्गत एक गांव की नाबालिग किशोरी अपनी दादी के साथ शादी में जगदीशपुरा आई थी। जहां शकुन्तला, आरती, रेशमा और सनी किशोरी को तांत्रिक के पास ले गए। जहां तांत्रिक ने उसके साथ रेप किया। आरोपी उसे अछनेरा तांत्रिक के पास ले गया। वहां भी किशोरी के साथ तांत्रिक ने रेप किया। इसके बाद किशोरी को कोटा राजस्थान ले जाकर साढ़े चार लाख रुपए में शादी के लिए राकेश को बेच दिया। किसी तरह जान बचाकर किशोरी भागी तो लुटेरी दुल्हन बताकर पुलिस थाने ले गए। जहां पुलिस ने किशोरी को मानव तस्करों के ही सुपुर्द कर दिया। आगरा लाकर उसे अन्य जगह बेचने की तैयारी थी। इसी बीच मौका पाकर किशोरी छत से कूदकर भाग निकली और किसी तरह रिश्तेदार के घर जगदीशपुरा पहुंची। किशोरी शिकायत दर्ज कराने के लिए पिता और दादी के साथ थाने पहुंची थी। लेकिन सीमा विवाद बताकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के बाद थाना जगदीशपुरा में रिपोर्ट दर्ज हुई जिसमें पीड़िता को ही वादी बना दिया। पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। सीपी के आदेश पर गैंगरेप, मानव तस्करी, अपहरण आदि की धाराएं बढ़ाई गईं। मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं होने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़िता ने अपनी दादी के साथ शहीद स्मारक पर धरना दिया था। उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। आरोपियों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की। पीड़िता अपने परिवार के साथ गांव से पलायन कर चुकी है। पीड़िता की दादी गांव से लौटते समय गिर पड़ी जिससे उनकी चार पसलियां टूट गईं।

# एबीवीपी ने आगरा कॉलेज में किया प्रदर्शन

* अनियमितताओं के खिलाफ दिया ज्ञापन, छात्र के साथ हुई थी अभद्रता

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा महानगर की आगरा कॉलेज इकाई ने आगरा कॉलेज में अनियमितताओं और एक छात्र के साथ हुई अभद्रता के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं एवं छात्रों ने प्रिंसिपल और प्रॉक्टोरियल बोर्ड का घेराव किया। 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर कॉलेज प्रशासन से तत्काल प्रभाव से करवाई की मांग की। बीते दिनों कॉलेज परिसर में एक कर्मचारी ने एक छात्र के साथ अभद्र व्यवहार किया था। इसे लेकर छात्रों ने कॉलेज मैनेजमेंट के सामने शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कार्यवाही नहीं होने पर शुक्रवार को एबीवीपी के कार्यकताओं के साथ छात्र पहुंचे। नारे लगाते हुए कॉलेज में एंट्री ली। छात्रों ने एबीवीपी कार्यकताओं के साथ मांग रखी कि दोषी कर्मचारी के खइलाफ कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही कॉलेज की सेंट्रल लाइब्रेरी को जल्द से जल्द अपडेट किया जाए। कॉलेज परिसर में पठन-पाठन को देखते हुए नियमित कक्षा संचालित की जाए। कॉलेज परिसर में जी. सी.आर (गर्ल्स कॉमन रूम) की व्यवस्था बनाई जाए। जिससे छात्राएं किसी भी परेशानी के समय वहां बैठ सके। कॉलेज परिसर में चल रही कैंटीन पुरानी एवं एक्सपायर सामग्री बेचती है। तत्काल प्रभाव से कैंटीन को बंद कराया जाए। टी.सी एवं सी.सी तत्काल एक दिन में उपलब्ध कराई जाए। यू.जी, पी.जी की प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए एवं किस कोर्स में कितने एडमिशन हुए हैं एवं कितनी सीटें खाली हैं कितनी मेरिट पर हुए इसकी सूची सार्वजनिक की जाए। प्रिंसिपल प्रो. अनुराग शुक्ला को ज्ञापन दिया। इकाई अध्यक्ष आकाश राणा ने कहा कि कालेज परिसर में अधिकतर कक्षाओं की स्थिति जर्जर है। जिसके कारण आए दिन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के ऊपर गिरने एवं सीमेंट छूट कर गिरने के मामले सामने आए हैं। छात्र घायल भी हुए हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई की जाए एवं क्लासों की स्थिति को सही कराया जाए। कॉलेज इकाई मंत्री ट्विंकल जैन ने कहा कि कालेज परिसर में बाहरी एवं सामाजिक तत्वों पर रोक लगाई जाए एवं आईडी कार्ड चेक कर कॉलेज में प्रवेश दिया जाए। इस अवसर पर महानगर संगठन मंत्री गौरव यादव श्वेता गोयल,इशा शाक्य, ऐनी, अक्षत चतुर्वेदी, अर्जुन कुमार,दर्शन सारस्वत,कुणाल गौतम,कनिष्क गोयल अमन चौधरी,भुवनेश उपाध्याय, भानु,चंद्रकांत शर्मा एवं सुमित शर्मा, सुब्रत हरदेनिया, आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बच्चों से लिया मोबाइल, वक्फ बोर्ड के लिए किया वोट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अछनेरा के गांव अरुआ खास में मुस्लिम समुदाय के दो युवकों ने वक्फ बोर्ड समर्थन के लिए बच्चों के मोबाइल फोन इस्तेमाल किए। अभिभावकों ने इसकी शिकायत पुलिस से की। तहरीर दी और पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस को शिकायत मिली है कि गांव के ही शाहिद और सोहेल ने शैलू सिंह, लक्ष्मीकांत और अनिल के बच्चों से बहाने से मोबाइल फोन मंगवा लिए। 20-20 रुपये देने का लालच दिया। किसी से कहा कि मां को फोन करना है। किसी को कहा कि इमरजेंसी है। बच्चों से मोबाइल फोन लेकर वक्फ बोर्ड समर्थन के लिए मैसेज किए। अभिभावकों के मोबाइल पर जब वक्फ बोर्ड से संबंधित मैसेज आए तो उन्होंने अपने बच्चों से पूछा कि मैसेज किसने किया था। बच्चों ने शाहिद और सोहेल का नाम लिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा किया। बवाल की आशंका में पुलिस ने दोनों युवकों हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि सोशल मीडिया से कैंपेन में जुड़ने का आइडिया लिया था। इसीलिए बच्चों के फोन मांगे थे। पुलिस जांच कर रही है कि दोनों युवकों ने झूठ बोलकर कितने लोगों के फोन से वक्फ बोर्ड समर्थन में वोट किए हैं।

### पीएम आवास योजना के लिए सर्वे शुरू

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पीएम आवास योजना के लिए सर्वे शुरू हो गया है। सीडीओ प्रतिभा सिंह ने पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता, अपात्रता की नियम व शर्तों में किए संशोधन की जानकारी शुक्रवार को विकास भवन सभागार में प्रेस वार्ता में दी। सीडीओ ने बताया कि पात्र व्यक्तियों के चयन के लिए पीएम आवास योजना की प्रत्येक चरण पर होगी प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। पात्र,निराश्रित,वास्तविक हकदार, जरूरतमंद को सर्वे में शामिल किया जाएगा। जिन लोगों को 2018 के सर्वे के बाद घर नहीं मिला था, उन्हें प्राथमिकता पर रखा जाएगा। देखा जाएगा कि उनके पास इस समय घर है या नहीं। उनकी आर्थिक स्थिति क्या है। वर्ष 2018 के सर्वे में दो पहिया वाहन, फ्रिज, आवेदन कर्ता के परिवार के किसी सदस्य की 10 हजार प्रतिमाह की कमाई का नियम था। जिसे बदल दिया गया है। अब 15 हजार तक की धनराशि को शामिल किया गया है। सीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मीटिंग करेंगे। इस मीटिंग की फोटोग्राफी कराई जाएगी। गांव वालों को पीएम आवास योजना के नियमों की जानकारी दी जाएगी। एक रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें चयन के हर पहलू की जानकारी लिखी जाएगी। खंड विकास अधिकारी विकास खंड मुख्यालयों पर मीटिंग करेंगे। लोगों को ज्यादा से ज्यादा इस योजना के लाभ के बारे में बताएंगे।

### बाढ़ में चलते स्टीमर पर कोई नियम नहीं

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** चंबल बाढ का पानी अभी चल रहा है। किनारे पर बना शिव मंदिर अभी आधा ही निकल पाया है। किनारों पर कीचड़ के ढेर लगे हुए हैं। जिसमे होकर आवागमन करना बड़ा मुश्किल काम साबित हो रहा है। ऐसे में लोगों की परेशानियों को देखते हुए स्टीमर तो चालू कर दिया गया है। किन्तु स्टीमर पर लोगों की सुरक्षा के सारे नियम ताक पर रखकर खुलेआम सैकड़ों की जिंदगियों से खिलवाड़ हो रहा है। ऐसा लगता है। कि पूर्व कि घटना से कोई सबक न लेकर किसी बड़ी अनहोनी को दावत दी जा रही है। पिनाहट चंबल नदी घाट पर बरसात के चार महीने पेंटून पुल हटने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निशुल्क स्टीमर चलाकर आवागमन कराया जाता है। नदी में पानी बढ़ने पर स्टीमर संचालन रोक दिया जाता है। 26 सितंबर 2023 को शाम के समय मध्यप्रदेश की ओर से सबारी लेकर पिनाहट की तरफ आ रहा स्टीमर पक्के पुल के निमार्णाधीन पिलर में फंस गया था। जिसमे 100 से अधिक लोग संसार थे। जिनको निकालने में शासन प्रशासन के हाथ पांव फूल गए थे। जिसके बाद जिलाधिकारी ने बिना लाइफ जैकेट पहने स्टीमर पर रोक लगा दी थी। और 80 से अधिक लोगों के बिठाने पर भी रोक लगा दी थी। ये नियम कुछ दिन ही चलकर रफा दफा कर दिया गया। शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे मध्य प्रदेश सीमा से सवारी लेकर पिनाहट घाट पर आए स्टीमर पर 100 से अधिक सवारियां सवार थीं जिनमें कोई भी लाइफ जैकेट नहीं पहने हुए था। नदी की बाढ़ का पानी अभी पूरे तरीके से काम नहीं हुआ है खतरा अभी भी बरकरार है किंतु यहां खतरे से कोई नहीं डरता नियमों को तक पर रखकर जान जोखिम का खेल खुलेआम चल रहा है इसे रोकने के लिए ना लोक निर्माण विभाग तैनात है। ना ही पुलिस को तैनात किया गया है।

### महिला ने फांसी के फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** शुक्रवार को थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कौधं में एक महिला ने घर के अंदर फांसी की फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंध निवासी मोहन सिंह पुत्र हीरा सिंह ने थाना पिढ़ौरा पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे वह ऑटो चलाकर अपने घर पर पहुंचा तो उसकी पत्नी भूरी देवी उम्र करीब 31 वर्ष ने घर की गैलरी में कुंदी पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जिसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मायका पक्ष ने हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक महिला की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी उसके दो बेटा और एक बेटी है।

### अधिशासी अधिकारी ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा में दुकानदारों ने नालों के ऊपर कर रखे अतिक्रमण के खिलाफ अधिशासी अधिकारी ने अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया है। शुक्रवार को नगर पंचायत पिनाहट के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने कस्बा के बाजार में अतिक्रमण हटाओ और स्वच्छता का संदेश देते हुए अभियान चलाया। जिसमे दुकानदारों ने अतिक्रमण कर नालों के ऊपर अवैध रूप से किये हुए अतिक्रमण को हटवाया। यह अभियान समूचे बाजार में चला। साथ ही अधिशासी अधिकारी ने माइक के द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए। कहां कि अपने आसपास साफ सफाई रखना सबका कर्तव्य है। स्वचछता रखने हम अपने परिवार को बीमारियों से बचा सकते हैं।

### कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में मिले 20 नये कुष्ठ मरीज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जनपद में दो से 15 सितंबर तक राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत 4116 टीम ने घर-घर जाकर नये कुष्ठ मरीजों की खोज की। इसी क्रम में ब्लॉक बिचपुरी के ग्राम देवराठा के 44 वर्षीय निवासी कुंवर सिंह (बदला हुआ नाम) बताते हैं कि कुछ महीने पहले मेरे सीधे हाथ में सुन्न दाग पड़ा था। इसके पश्चात मैंने प्राइवेट डॉक्टर से सुन्न दाग का इलाज शुरू कर दिया था, लगातार इलाज करने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ। मैं अपने गांव में ही परचूनी की दुकान चलाता हूं।

# अपनी पहली कोचिंग में ही जीत दिलाने में कामयाब हुए कोच राहुल प्रजापति

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



गाजियाबाद के नेहरू स्टेडियम में अरुणाचल प्रीमियर लीग सीजन-2 के डे नाइट क्रिकेट कप का आयोजन जेएच स्पोर्ट्स के अंतर्गत किया गया। क्रिकेट कप में छह टीमों ने प्रतिभाग किया था, कामेंग स्ट्राइकर और सियांग शार्क ने फाइनल में जगह बनाई थी और फाइनल मुकाबला दोनों टीमों के मध्य खेला गया। बारिश के चलते खेल सिर्फ 6-6 ओवरों का खेला गया। फाइनल मुकाबले में कामेंग स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 86 रनों का योगदान दिया। कामेंग स्ट्राइकर के हनी खरी ने 15 गेंदों पर 41 रन की तूफानी पारी खेली। साथ ही कामेंग स्ट्राइकर के स्टार बल्लेबाज शेखर सिरोही ने महज 9 गेंदों पर 20 रनों का योगदान दिया। सियांग शार्क की तरफ से अखिलेश साहनी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सियांग शार्क ने 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 84 रन ही बना पाई और महज दो रन से कामेंग स्ट्राइकर ने फाइनल मैच जीतकर अरुणाचल प्रीमियर लीग सीजन-2 के डे नाइट क्रिकेट कप पर अपना कब्जा किया। कामेंग्र स्ट्राइकर के स्टार बल्लेबाज शेखर सिरोही ने बताया कि अरुणाचल प्रीमियर लीग सीजन-2 की टीम कामेंग स्ट्राइकर के पहली बार हेड कोच बने राहुल प्रजापति के अनुभवों से टीम को जीत मिली है। सिरोही और हनी खरी ने बताया कि हमें इस बार जो कोच मिले वह क्रिकेट की बारिकियों में बहुत ही होशियार हैं। क्योंकि जब टीम को कोच अच्छा मिलता है तो टीम की जीत निश्चत होती है। हमारी पूरी टीम का जीत का श्रेय हमारे कोच राहुल प्रजापति को जाता है। सियांग शार्क की ओर से अखिलेश साहनी ने 14 गेंदों में 37 और कौशल आर सिंह ने 20 गेंदों पर 41 की मदद से 84 रन ही बना पाए। कामेंग स्ट्राइकर के हेड कोच राहुल प्रजापति ने बताया कि शेखर सिरोही ने सही समय पर ओवर करते हुए टीम के लिए 2 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं से मैच का रूख बदल गया और हमारी टीम विजयई हुई। मेन ऑफ द मैच का अवार्ड शेखर सिरोही को दिया। प्लेयर्स आफ द टूनार्मेट कौशल सिंह, बेस्ट बॉलर सोनू सिंह, बेस्ट बैटमैन कौशल सिंह, बेस्ट विकेट कीपर टेची सोनम, बेस्ट फील्डर हनी खरी को दिया गया।

# जनकपुरी में 27 से शुरू होंगे आयोजन

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

जनकपुरी महोत्सव के मंगल कार्यक्रम 27 से हल्दी व मेहंदी रस्म के साथ शुरू होंगे। इससे पहले 26 सितंबर को बैंड बाजों संग मिथिला नरेश राजा जनक सियाराम के विवाह के लिए आमंत्रण यात्रा निकाली जाएगी। जो पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर से शुरू होकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए जनकपुरी कार्यालय पहुंचेगी। मांगलिक कार्यक्रमों की जानकारी शुक्रवार को कोठी मीना बाजार स्थित जनकपुरी के कार्यालय पर समिति के पदाधिकारियों ने दी। इस दौरान कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन भी किया गया। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने बताया, हल्दी व मेहंदी कार्यक्रम लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में 27 सितंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा। श्रीकृष्ण गोशाला, शाहगंज में तुलसी-सालिगराम का विवाह विधि विधान के साथ सम्पन्न होगा। इसके बाद शाम को स्वरूप मिथिलानगरी का भ्रमण करेंगे।

# प्रतापगढ़ में बहेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृत धारा

**जन एक्सप्रेस। मुंबई**



प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी क्षेत्र में स्थित रामपुर खागल की पावन धरा पर 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक समाज सेवा में अपनी जिंदगी खफा देने वाले अम्बिका प्रसाद मिश्र की पावन स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। पद्म विभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज अपने श्रीमुख से 7 दिन तक श्रोताओं को ÷श्रीमद्भागवत कथा÷ का रसपान कराएंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक एवं तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज ने बताया कि

इस धार्मिक कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक विलक्षण महापुरुष एवं विशिष्ट जन शामिल होंगे।

महाराज ने सभी देशवासियों विशेष कर प्रतापगढ़ निवासियों से आग्रह किया है कि इस आयोजन में पूर्ण मनोयोग से जुड़े एवं जन जन को कथा के बारे में अवगत करायें।मेरी ऐसी इच्छा है कि जनपद प्रतापगढ़ का कोई भी गांव इस आयोजन से वंचित ना रहे।हम सभी लोग एक अभियान चलाकर कथा का अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें।

# आगरा कॉलेज में शिक्षकों का धरना

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

आगरा कॉलेज में एआईफुक्टो, फुपुक्टा और औटा के आह्वान पर स्टाफ क्लब आगरा कॉलेज के नेतृत्व में शिक्षकों ने गंगाधर शास्त्री ग्राउंड में धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन को बहाल करना और नई शिक्षा नीति (एनईपी) को हटाना है। धरने के दौरान फुपुक्टा के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षकों के संघर्ष और ताकत के कारण केंद्र सरकार अब आठवें वेतन आयोग के गठन पर विचार कर रही है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापन 47 के शिक्षकों का शीघ्र स्थाईकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के समक्ष शिक्षकों की कई अन्य मांगें भी रखी गई हैं, जिनके निराकरण के लिए प्रयास जारी हैं। धरने में डॉ. अनुराग पालीवाल ने सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। डॉ. शशिकांत पांडे ने पुरानी पेंशन और यूनिफाइड पेंशन के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेंशन योजना सरकार द्वारा अपने कॉर्पोरेट मित्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए लाई गई है, जो शिक्षकों के हित में नहीं है। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ. विजय कुमार सिंह ने सभी का धन्यवाद देते हुए शिक्षकों से अनुरोध किया कि 23 सितंबर को औटा के आह्वान पर आयोजित धरने में बड़ी संख्या में शामिल होकर विश्वविद्यालय के धरने को सफल बनाएं।

# स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत आर बी एस कॉलेज कृषि संकाय बिचपुरी के ठरर के यूनिट 3,4,एवं 7 के स्वयंसेवको द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के क्रम में एक बृहद जागरूकता रैली। निकाली गयी तथा स्वयेवको को स्वछता की शपथ दिलाई गई' रैली कॉलेज कैंपस बिचपुरी से प्रारम्भ होकर ग्राम अंगूठी तक गई और विकास खंड कार्यालय बिचपुरी को स्वयंसेवको द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त किया गया ' इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अंगूठी के प्रधान श्री हाकिम सिंह तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय डॉ जे पी श्रीवास्तव, डॉ उमा,एवं मुख्य प्रनुशासक डॉ बृजेश चतुवेर्दी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल की

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



रोटरी क्लब ऑफ आगरा ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक ऐसे मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया है जो अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। स्कूल के बच्चों में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के प्रति जागरूकता बढ़ाना। इसे बुनियादी शिक्षा का एक अहम हिस्सा मानते हुए, क्लब बच्चों को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा और संरक्षण के अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के लिए समर्पित है। रोटरी क्लब आगरा की अध्यक्ष, रोटेरियन नम्रता पणिकर, का मानना है कि बच्चों को अनुचित व्यवहार की पहचान करने और खुद की रक्षा करने के बारे में जागरूक करना स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, क्लब ने स्कूलों में कार्यशालाएं और जागरूकता शिविर आयोजित करने का बीड़ा उठाया है, ताकि बच्चों को यौन शोषण के खतरों से बचाया जा सके। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, क्लब ने हरीपर्वत, आगरा के क्वीन विक्टोरिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में अपनी दूसरी कार्यशाला आयोजित की। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पीओसीएसओ (बच्चों का यौन अपराध संरक्षण अधिनियम) की विशेषज्ञ अधिवक्ता नम्रता मिश्रा मौजूद थीं। उन्होंने कहानी के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श में अंतर करने का तरीका सिखाया। साथ ही, उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि यदि वे कभी किसी असुरक्षित स्थिति में खुद को पाते हैं, तो उन्हें क्या करना चाहिए। अधिवक्ता मिश्रा ने बच्चों को यह शपथ भी दिलाई कि वे अपने शरीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद लेंगे और किसी भी असहज स्पर्श को अस्वीकार करेंगे। शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ, अधिवक्ता मिश्रा ने सोशल मीडिया के खतरों पर भी प्रकाश डाला।

# अपनी जीवन बीमा पॉलिसी को सरेंडर और लैप्सेशन को ना कहें

**जन एक्सप्रेस। मथुरा**

जब पैसे की ज़रूरत होती है या वित्तीय संकट के दौरान, सबसे पहला काम जो व्यक्ति करता है वह धन की व्यवस्था करने के लिए अपनी जीवन बीमा पॉलिसी को सरेंडर कर देता है। एक बार जब पॉलिसी सरेंडर कर दी जाती है, तो यह रद्द हो जाती है और पॉलिसी धारक को कोई और लाभ नहीं मिलता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि 16 से 25 साल की पॉलिसी के लिए 7 से 8 साल तक प्रीमियम का भुगतान करने के बाद भी, एक बार सरेंडर करने के बाद पॉलिसी बंद हो जाती है। सरेंडर के बाद पॉलिसी धारक की मृत्यु के मामले में, नामांकित व्यक्ति के पास कुछ भी नहीं बचता है।

यहां अलिप नामक एक नया उत्पाद आया है जिसने जीवन बीमा पॉलिसियों का असाइनमेंट कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जीवन बीमा पॉलिसी के लिए उन पॉलिसीधारकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो अपनी पॉलिसियों को सरेंडर करने या चूक से निपटने के बारे में सोच रहे हैं। एएलआईपी के साथ, कोई आपकी बंदोबस्ती बीमा पॉलिसी का पूर्ण समर्पण मूल्य प्राप्त कर सकता है और फिर भी अपना जीवन कवर लाभ बरकरार रख सकता है। एएलआईपी पॉलिसीधारकों को बीमा कंपनियों द्वारा निर्धारित सटीक समर्पण मूल्य प्रदान करता है। बीमा एजेंटों को लाभ एएलआईपी से जीवन बीमा एजेंटों को भी लाभ होता है क्योंकि वे अपने पॉलिसी धारकों के लिए जीवन बीमा की सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय में हैं। यदि पॉलिसी धारक अपनी जीवन बीमा पॉलिसियों को सरेंडर करने का निर्णय लेता है, तो एजेंटों के लिए कमीशन और बीमाकर्ता द्वारा दिए गए अन्य लाभ समाप्त हो जाते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 4-Tender/CPM/C/BSB dated 15.09.2024 का पहला शुद्धिपत्र**

**संदर्भ** : दिनांक 18.09.2024 को प्रकाशित आर.ओ. न. 2892 / 24

दिनांक 18.09.2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना 4-Tender/CPM/C/BSB dated 15.09.2024 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है-

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर ई-निविदा उपलब्धता की तिथि | 19.09.2024 | 20.09.2024 |
| आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर ई-निविदा अपलोड की प्रारंभ तिथि | 26.09.2024 | 27.09.2024 |
| आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर ई-निविदा खुलने की तिथि | 10.10.2024 | 11.10.2024 |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।
संख्या 4-टेण्डर/सीपीएम/नि./वाराणसी/प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक 19.09.2024
2918/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मैक्स फैशन ने स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ अपने लेटेस्ट 'न्यू न्यू यू' कैंपेन को लॉन्च किया

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** स्थित लैंडमार्क ग्रुप के सबसे पसंदीदा फैशन ब्रांड मैक्स फैशन ने न्यू न्यू यू अभियान के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री और स्टाइल आइकन कल्कि कोचलिन के साथ एक विशेष सहयोग के माध्यम से ब्रांड के एक नए अध्याय में कदम रखा है। यह कैंपेन नए आत्मविश्वास के क्षेत्र में कदम रखता है, विकास की भावना पैदा करता है जो ग्राहक को स्टाइल की परिवर्तनकारी शक्ति के कारण एकदम नया महसूस कराता है। यह कैंपेन एक सुसंस्कृत संग्रह का हिस्सा है, जो उत्सवों या दोस्ताना समारोहों (वर्कवियर, कैजुअल आउटफिट्स, फ्यूजन फेस्टिव वियर, या हाई-ग्लैम अवसरों के कपड़े) के लिए पुनर्निर्माण की भावना को व्यक्त करता है-ये स्टाइल इस फेस्टिवल सीजन के लिए टोन सेट करता है।

# नए भारत के निर्माण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका- जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह (1 सितंबर से 30 दिसंबर ) एनीमिया (परीक्षण, उपचार एवं संवाद) आधारित कार्यशाला एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के उन्मुखीकरण गोष्ठी कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे की उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई तथा उनसे संवाद स्थापित कर जमीनी स्तर पर उनके कार्यों में आ रही समस्याओं के साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं सुझावों को एक एक कर गंभीरता के साथ सुना गया। इस अवसर पर कार्यकत्रियों/सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यकत्रियों को केंद्र संचालन के साथ-साथ केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं से संबंधित कमियों को प्राथमिकता पर दूर कराया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने पदेन दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि नये भारत निर्माण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत समस्त गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान घर-घर जाकर एनीमिया से ग्रसित महिलाओं/किशोरियों को चिन्हित कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण एवं उचित उपचार हेतु प्रेरित एवं जागरूक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए निरंतर तेजी से कार्य कर रही है। चरणबद्ध तरीके से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों हेतु खिलौना किट उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपद के चयनित 275 आंगनबाड़ी केंद्रो का चयन किया गया है। इसमें से 19 सितंबर को आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, कुमारगंज के दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा भी विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खिलौना किट प्रदान किया गया था। इसी के क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी तथा जिलाधिकारी द्वारा 11 आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु संबंधित कार्यकत्रियों को किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के प्रयास से उक्त 275 आंगनबाड़ी खिलौना किटों में से 50 किट विश्वविद्यालय द्वारा, 25 किट क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर तथा 200 किट जिलाधिकारी के तरफ से दिया गया है।

# एआरटीओ ने ओवरलोड एवं अनाधिकृत संचालन के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा ओवरलोड एवं अनाधिकृत संचालन के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बीसलपुर एवं पूरनपुर मार्ग पर गुजर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान तीन वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करती पायीं गयीं, जिनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक वाहन को ईटगांव पुलिस चैकी तथा एक वाहन को थाना गजरौला में सीज किया गया। ओवरलोड़ संचालित पायी गई तीसरी वाहन के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। उपरोक्त तीनों वाहनों से क्रमशः 58500, 76000 एवं 36000 रुपए जुर्माना प्रशमित किया गया। यह तीनों वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक रेता बजरी इत्यादि का परिवहन कर रहे थे। इसी प्रकार अनधिकृत रूप से संचालित हो रही वाहनों की चेकिंग में एक बस जिसका परमिट मार्च 2024 में ही समाप्त हो गया था, बिना वैध परमिट चलती पाई गई।
परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग में चालान की कार्रवाई की गई। दो अन्य वाहन फिटनेस फेल में संचालित पाए गए तथा तीन वाहन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना संचालित होते पाए गए इन सभी पांच वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। एआरटीओ द्वारा की गई प्रवर्तन कार्रवाई में दो वाहनों के विरुद्ध सीज एवं सात वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए 191000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

# जनपद न्यायाधीश के द्वारा जिला कारागार का किया गया औचक निरीक्षण

* बंन्दियों से की वार्ता, जानी समस्याएं एवं बंदियों की समस्याएं का निस्तारण करने के दिये निर्देश



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार सिन्हा, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला बैरक सहित अन्य बैरकों, भोजनालय एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा महिला बैरक में महिला बंदियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।
जनपद न्यायाधीश द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई और निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप बंदियों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कारागार की साथ साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/पूर्ण कालिक सचिव सुनील कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता, जेल अधीक्षक राजेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## नशे मे धुत व्यक्ति की गड्ढे मे गिरकर मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बरसठी थाना क्षेत्र के बारीगांव (हनुमान नगर) बाजार में शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति की गुरुवार की रात सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के शव की शिनाख्त महुवारी जंगलबस्ती गांव निवासी सुभाष गौतम (40) के रूप में हुई है। वह शराब का आदी था। बताया जा रहा है कि, गुरुवार की देर शाम उसने बाज़ार में आकर जमकर शराब पी और नशे धुत होकर देर रात घर के लिए चल दिया। लेकिन कुछ ही दूर जाकर सड़क के किनारे कीचड़ युक्त गढ्ढे में गिर गया। नशे में होने से वह गड्ढे से निकल नहीं सका और उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब सड़क किनारे गढ्ढे में लोगों ने मृत पड़े युवक का शव देखा, तो शोर मचाते हुए उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रोते-बिलखते परिजन शव को गढ्ढे से निकाल कर घर लेकर चले गए। सूचना पाकर पहुंचे थानाध्यक्ष कश्यप कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में घायल अधेड़ ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**खुटहन।** सब्जी मंडी के पास गत बुधवार को बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ ने गुरुवार की रात जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार पिलकिछा घाट पर कर दिया गया।
सुल्तानपुर असरफगढ़ गांव निवासी 53 वर्षीय कुट्टी यादव किसी काम से ब्लाक मुख्यालय आये थे। लौटते समय सब्जी मंडी के पास सड़क के उस पार जा रहे आटो को रोक उस पर बैठने जा रहें थे। तभी तेज गति से आ रहा अज्ञात बाइक सवार उन्हें टक्कर मार दिया। वह सड़क पर गिर छटपटाने लगे।
उधर मौका पाकर बाइक सहित सवार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया था। उनकी मौत के ग़म में स्वजनों के रोने बिलखने से गांव में शोक छा गया।

# प्रधान की फर्जी मोहर लगाकर बनाया निवास, पुलिस से मिलीभगत कर जारी करा लिए पासपोर्ट

* जालसाजों पर अन्तर्राज्जीय और अन्तर्जनपदीय अपराधियों के पासपोर्ट बनवाने का आरोप
* ग्राम प्रधान ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से की मामले की शिकायत

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर




जालसाजों ने फर्जी पते पर पासपोर्ट का आवेदन करने के बाद पुलिस से सांठगांठ कर ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से वेरिफिकेशन कर कई पासपोर्ट जारी करा लिए गए।ग्राम प्रधान से सत्यापन भी नहीं कराया गया। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी से की गई। मामला उजागर होने के बाद से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। घुंघचाई थाना क्षेत्र में फर्जी पासपोर्ट का धंधा तेजी से पैर पसार रहा है। धंधे में संलिप्त जालसाज फर्जी पासपोर्ट बनाने के एवज मे लाखों रुपए की वसूली कर रहे हैं। पुलिस से सांठगांठ के बाद पासपोर्ट जारी करा रहे हैं। शेरपुर मकरंदपुर के ग्राम प्रधान निर्मल सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि जालसाजों का सिंडिकेट बीते लंबे समय से गांव चंदुइया के पते पर पासपोर्ट ऑनलाइन करा रहा हैं। स्थानीय पुलिस से सांठगांठ कर उनकी फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से सत्यापन किया जा रहा है। जालसाजों ने पुलिस से मिली भगत के बाद कई अंतर्राज्यीय और अंतर्जनपदीय अपराधियों के पासपोर्ट जारी करा लिए। ग्राम प्रधान ने सीओ से की गई शिकायत में फर्जी पासपोर्ट की छाया प्रति भी संलग्न की। आरोप है कि तत्कालीन घुंघचाई थाना प्रभारी कपिल कुमार ने ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर लगाकर पासपोर्ट वेरिफिकेशन कराने पहुंचे एक जालसाज को पकड़ लिया था।सांठगांठ कर कार्यवाही किए बगैर छोड़ दिया गया। जालसाज ग्राम पंचायत में सिंडिकेट बनाकर फर्जी पासपोर्ट बनाने का धंधा कर रहे हैं। ग्राम प्रधान ने 1 जनवरी 2023 से 1 सितंबर 2024 जारी किए गए पासपोर्ट की सूची भी मांगी है।

### इस तरह से करते हैं खेल

सिंडिकेट में शामिल युवक पासपोर्ट जारी कराने के लिए आधार कार्ड में संशोधन कराकर फर्जी पता दर्ज कराते हैं।इसके बाद उसी पते पर पासपोर्ट आवेदन करते हैं। सिंडिकेट में शामिल एक युवक ग्राम प्रधान की फर्जी हस्ताक्षर और मोहर लगाकर सत्यापित करता हैं। एक युवक पुलिस से सांठगांठ के बाद पासपोर्ट वेरिफिकेशन कराता है। युवकों से सांठगांठ के चलते पुलिस भी ग्राम प्रधान से पासपोर्ट सत्यापन की जानकारी नहीं लेती है।

> प्रधान की तरफ से दिया गया शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। शिकायती पत्र प्राप्त होने पर जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।**

## अज्ञात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय के रसोई घर से चुराया हजारों का सामान

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। कंपोजिट विद्यालय के रसोई घर से हजारों रुपये का सामन चोरों ने साफ कर दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने चीनीमिल चौकी इंचार्ज को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की है।
इंचार्ज प्रधानाध्यापिका संध्या रानी सफौरा के कंपोजिट विद्यालय में तैनात हैं। 13 सितम्बर से 17 सितम्बर तक विद्यालय में अवकाश था। अवकाश अवधि में ही रात्रि में अज्ञात चोरों ने रसोई घर से एक गैस सिलेण्डर, भगौना बड़े, भगौना छोटे, भोजन थाल, गैस भट्टी, बाल्टी स्टील, तसला, आटा चावल सहित हजारों रुपये का माल चोरों ने साफ कर दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने चीनी मिल चौकी पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की।

# गोपालपुर में डिप्थीरिया संक्रमित मासूम की लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु

* एक सप्ताह से लखनऊ के केजीएमसी अस्पताल में चल रहा था उपचार
* मासूम की मृत्यु से ग्रामीणों में दहशत, स्वास्थ्य बेखबर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

गोपालपुर गांव में गलाघोंटू (डिप्थीरिया) बीमारी से संक्रमित मासूम बच्चे की एक सप्ताह बाद लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। गुरुवार शाम को शव घर पहुंचते ही स्वजन में चीत्कार मच गया। शुक्रवार मासूम को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। गलाघोंटू बीमारी से बच्चे की मृत्यु को लेकर गांव दहशत व्याप्त हो गई है।
घुंघचाई क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी जाकिर खान के चार वर्षीय पुत्र हमजा को एक सप्ताह पूर्व गले में दर्द और सूजन की दिक्कत होने पर निजी चिकित्सा से उपचार कराया गया। बच्चे की हालत में कोई भी सुधार न होने स्वजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने गलाघोंटू (डिप्थीरिया) के लक्षण की जानकारी दी। छह दिन पूर्व स्वजन की तरफ से स्वास्थ्य विभाग को बताया गया। इसपर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर बच्चे को ट्रेस किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम ने डिप्थीरिया बीमारी की चपेट में आने से बच्चे को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।
हालत गंभीर होने पर बच्चों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। इससे स्वजन में चीत्कार मच गया। जानलेवा बीमारी डिप्थीरिया से बच्चे की मृत्यु से गांव में दहशत व्याप्त हो गई है।
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.आलमगीर ने बताया कि जांच में बच्चे डिप्थीरिया के लक्षण मिले थे। केजीएमसी में उपचार चल रहा था। गुरुवार को बालक की मृत्यु की सूचना मिली है। मासूम के परिवार और आस पास के लोगों की जांच कर ली गई है। टीकाकरण भी हो गया है। गांव में टीम भेजकर बचे हुए लोगों का भी टीकाकरण कराया जाएगा।

## ऑटो रिक्शा चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सरपतहां पुलिस ने ऑटो रिक्शा चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। दोनों के कब्जे से चोरी का एक ऑटो रिक्शा भी बरामद हुआ है। उपनिरीक्षक विजय शंकर सिंह हेड कांस्टेबल विनोद यादव व धर्मेंद्र यादव के साथ चेकिंग अभियान पर थे। इस बीच उन्हें एक ऑटो में संदिग्ध व्यक्ति जाते हुए दिखाई पड़े। दोनों को पकड़कर जब पूछताछ की गई तो ऑटो चोरी का निकला। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम पंकज तिवारी निवासी सरायमोहिउद्दीनपुर थाना सरपतहां जौनपुर तथा सोनू शर्मा निवासी बागबहार थाना पवई आजमगढ़ बताया।

# जिलाधिकारी ने न्यायालय सदर का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा न्यायालय तहसीलदार सदर का औचक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने धारा 34 के पत्रावलियों का अवलोकन किया, जिसका मलिकान समय से न होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त मलिकान योग्य पत्रावलियों को आज ही दर्ज करने का निर्देश दिया गया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा तहसील में स्थित खतौनी कक्ष बंद पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार और तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया कि समय से खतौनी कक्ष तथा तहसील के समस्त कार्यालय खुलने चाहिए जिससे आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करने पड़े।
उन्होंने निर्देश दिया कि तहसील के साथ ही खतौनी कक्ष की साफ-सफाई तथा फरियादियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान खतौनी लेने आए मनोज कुमार और सोमारी देवी से जिलाधिकारी ने वार्ता की और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त व्यक्तियों का खतौनी समय से उपलब्ध कराया जाये।
इस अवसर पर नायब तहसीलदार, नाजिर कलेक्ट्रेट सहित तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यवेक्षक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर ली जानकारी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत सरकार के विशेष पर्यवेक्षक डॉ0 योगेश दूबे द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।
बैठक में विशेष पर्यवेक्षक द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत सभी विभागों में एवं सभी योजनाओं में 04 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही बैठक में प्रतिभाग कर रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि को दिव्यांग बच्चों के आवश्यकतानुसार एलिम्को से सहायक उपकरण एवं स्मार्ट फोन दिलाये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। झउन्होंने जिला सेवायोजन अधिकारी के प्रतिनिधि से सेवायोजन पोर्टल पर दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों का कितना रजिस्ट्रेशन हुआ है।
उसका डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## कटान के कारण हो रही समस्याओं से डीएम को अवगत कराया

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

बीजर कला की कुछ महिलाओं ने गंगा में बाढ़ के चलते हो रहे कटान को लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पत्रक सौंपा। साथ ही जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत करया। महिलाओं ने सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की।
बीजर कला की आशा, ललिता व मंजू समेत कई महिलाओं ने गंगा में हो रहे कटान को देखते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि किनारे की तरफ कटान बढ़ रहा है। इससे आने वाले समय में कटान की जद में वे लोग आ सकते हैं। कुछ लोगों को कटान की वजह से दूसरी जगह पहुंचाया गया है, जबकि 30 घर आज भी ऐसे हैं, जो कटान की जद में हैं।

# दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पूजा कमेटियों के लोग एसडीएम से मिले

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

**चुनार।** नवरात्र के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका क्षेत्र में ही स्थान निर्धारित करने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को विभिन्न पूजा कमेटियों के पदाधिकारी एसडीएम से मिले। कमेटियों के लोगों ने सुझाव दिया कि फुलवरिया स्थित पोखरे में प्रतिमा विसर्जन किया जा सकता है। इस पर एसडीएम ने कहा कि वे शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण करेंगे। उसके बाद ही कोई निर्णय संभव है।
कमेटियों के पदाधिकारियों का कहना था कि गंगा में प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगने के बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए तहसील व नगर पालिका प्रशासन की तरफ से उस्मानपुर स्थित आश्चर्य कूप मंदिर के पास पोखरे का चयन किया गया था। तब से उसी पोखरे में प्रतिमाओं का विसर्जन होता आ रहा है। हालांकि इस बार प्रशासन द्वारा पहले से निर्धारित स्थल पर प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगाई जा रही है। उनका कहना था कि प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर पालिका क्षेत्र से बाहर समसपुर गांव में स्थान निर्धारित किया गया है। उधर, कमेटियों के पदाधिकारियों के बातें सुनने के बाद एसडीएम ने तहसील तथा नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी सहमति से नगर पालिका क्षेत्र में स्थान चयन के लिए वार्ता की। बैठक में पूजा कमेटियों की तरफ से फुलवरिया स्थित पोखरे में प्रतिमा विसर्जन का स्थान निर्धारित करने के लिए सुझाव दिया गया।
इस पर एसडीएम ने तहसील व नगर पालिका के अधिकारियों के साथ ही पूजा कमेटियों के कुछ पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण करने की बात कही। बैठक में तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, नायब तहसीलदार गरिमा, अवर अभियंता जलकल सौरभ प्रकाश, भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता, सौरभ सिंह, पूजा कमेटी के दीना गुप्ता, सभासद करतार सिंह, जय कुमार गुप्ता, धनुर्धारी, चेतनरायन, राजा मौजूद रहे। एसडीएम राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के लिए फुलवरिया स्थित पोखरे के निरीक्षण के बाद ही इस बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा।

# चुर्रासकतपुर का पशु चिकित्सालय 3 वर्षों से बंद पशुओं का नहीं हुआ टीकाकरण



जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

तहसील क्षेत्र के गांव चुर्रासकतपुर में स्थित नवीन पशु चिकित्सालय 3 वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। जिस कारण पशुपालकों के पशुओं के टीकाकरण नहीं हो पा रहे हैं। इस संबंध में कई बार जागरूक नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन इस ओर किसी ने कोई भी ध्यान नहीं दिया है। जिस कारण क्षेत्र के लोग झोलाछाप डॉक्टरों से टीका लगवाने को मजबूर है। बताया जा रहा है कि 3 वर्ष पूर्व यहां पर कार्यरत स्टाकमैन रामचंद्र लाल रिटायरमेंट हो गये थे। उसके बाद आज तक कोई भी डॉक्टर नहीं आया है। जिस कारण पुराने अस्पताल में दबंगों ने कब्जा कर अपने उपले रखना शुरू कर दिया है तथा नवीन अस्पताल में ताला लटक रहा है। इस संबंध में जागरूक नागरिकों ने कई बार सीवीओ से शिकायत की लेकिन आज तक कोई भी डॉक्टर व स्टाफ मैन, फार्मासिस्ट नहीं भेजा गया है। जिस कारण पशुपालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। माह जुलाई में पशुओं के खुर पका, मुंह पका के टीके लगते थे। वह भी इस बार नहीं लगे क्योंकि अस्पताल में ताला लटक रहा है तथा पशुओं को गर्भाधान की भी कोई सुविधा नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीवीओ से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया।

## 20 वर्षीय युवती का फंदे पर लटकता शव मिलने से हड़कंप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोरगहना में स्थित बगीचा में शुक्रवार सुबह एक 20 वर्षीय युवती की फंदे पर लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का शिनाख्त कराने में जुट गई है। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोरगहना गांव में स्थित आम के बगीचे में शुक्रवार सुबह जब लोग टहलने के लिए निकले तो देखा कि एक पेड़ पर दुपट्टे के सहारे 20 वर्षीय युवती का शव लटका पड़ा था। लोगों ने पास जाकर देखा तो शव की पहचान ना हो सकी जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना सरायख्वाजा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सरायख्वाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। लोगों से पूछताछ की लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाया। थानाध्यक्ष राज नारायण चौरसिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव के शिनाख्त के लिए टीम गठित कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर



भदोही बार्डर पर स्थित सहसेपुर उमापुर गांव में बृहस्पतिवार को विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोग फंदे से लटककर जान देने की बात कह रहे हैं, जबकि सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पोस्टमार्टम हाउस पर भी दोनों पक्षों के बीच तनाव दिखा। मायके वाले पोस्टमार्टम में गड़बड़ी कराने का आरोप भी लगाते रहे।
भदोही जिले के शेउर गांव निवासी प्रिया उपाध्याय (34) की शादी 2015 में बार्डर पर स्थित सहसेपुर उमापुर गांव निवासी प्रवीण उपाध्याय के साथ हुई थी। प्रवीण प्राथमिक विद्यालय नेवादा में शिक्षक है। दोनों से एक छह साल की पुत्री है। बृहस्पतिवार की सुबह संदिग्ध हालात में प्रिया उपाध्याय की मौत हो गई। बार्डर का मामला होने और मकान चील्ह थाना क्षेत्र में होने पर थानाध्यक्ष सीमा सिंह मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया। प्रिया के भाई डॉ. गोविंदम चौबे ने बताया कि बुधवार की रात को बहन ने फोन कर चाचा उपेंद्र चौबे को बताया कि ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। आकर उसे ले जाइए। चाचा जाते, उससे पहले ही बहन की सास ने बोला कि मत आइए पारिवारिक मामला है। बृहस्पतिवार की सुबह फोन कर बताया कि बहन की मौत हो गई है। किसी ने हार्ट अटैक तो किसी ने फंदे से लटककर मौत होने की बात बताई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे तो शव चारपाई पर पड़ा था। जिस पंखे में लगे फंदे से लटकने की बात बताई गई थी, उस पर कोई रस्सी अथवा दुपट्टा नहीं था। आरोप लगाया कि ससुराल वाले दो साल से बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। उन लोगों ने बहन की हत्या कर दी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि आधार कार्ड आदि सब भदोही का है, परंतु पोस्टमार्टम मिर्जापुर की चील्ह थाने की पुलिस करा रही है। भाई ने ससुराल वालों पर हत्या कर मामले को दबाने का आरोप लगाया। उधर, पोस्टमार्टम हाउस पर भी हंगामा हुआ। वहां दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति रही। थानाध्यक्ष चील्ह सीमा सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और जाति देखकर कार्रवाई की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ मंडल मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया है। आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार नफरत फैला रही है। कानून की जगह जंगल राज की स्थिति पैदा हो गई है। कांग्रेस के सोनभद्र के जिलाध्यक्ष रामराज गोड़, भदोही के पूर्व जिलाध्यक्ष माबूद खान ने भी भाजपा सरकार की आलोचना की। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राजन पाठक और मीडिया प्रभारी छोटे खान ने राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। प्रदर्शन में शिव शंकर चौबे, शशि भूषण दुबे, दीपचंद जैन, भूपेंद्र शुक्ला, राजधर दुबे, सुधाकर, रमेश प्रजापति, राजू त्रिपाठी, फरीद अहमद आदि शामिल रहे।

# कृषि उद्यमिता से होगा रोजगार और आय का सृजन

## जम्मू के कंडी क्षेत्रों में लघु फलों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से कृषि उद्यमिता विकास, आत्मनिर्भर ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए एक मार्ग प्रोफेसर पूनम परिहार ने सुझाया है

- राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में पोषण और समग्र खाद्य सुरक्षा में सुधार जैसे सामाजिक और आर्थिक विकास की क्षमता
- बढ़ती भारतीय आबादी के लिए पोषण सुरक्षा केवल मुख्य और प्रमुख बागवानी फसलों पर ध्यान केंद्रित करके पूरी नहीं की जा सकती
- कम उपयोग की गई छोटी बागवानी फसलों का उपयोग पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'भविष्य की फसलों' के रूप में किया जा सकता है



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

देश में कृषि से कृषि व्यवसाय में बदलाव भारतीय कृषि को पुनर्जीवित करने और अधिक आकर्षक और लाभदायक उद्यम बनाने के लिए एक आवश्यक मार्ग है। कृषि उद्यमिता में रोजगार सृजन, आय सृजन, गरीबी में कमी और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में पोषण, स्वास्थ्य और समग्र खाद्य सुरक्षा में सुधार जैसे सामाजिक और आर्थिक विकास की एक श्रृंखला में योगदान करने की क्षमता है। जम्मू के कंडी क्षेत्रों में लघु फलों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से कृषि उद्यमिता विकास; आत्मनिर्भर ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए एक मार्ग प्रोफेसर पूनम परिहार ने सुझाया है। उन्होंने कृषि उद्यमिता के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ ही देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। बढ़ती भारतीय आबादी के लिए पोषण सुरक्षा केवल मुख्य और प्रमुख बागवानी फसलों पर ध्यान केंद्रित करके पूरी नहीं की जा सकती। कम उपयोग की गई और कम दोहन की गई छोटी बागवानी फसलों का एक विशाल उत्पादन है, जिसका उपयोग हमारी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भविष्य की फसलों के रूप में किया जा सकता है। पिछले दशक में वैज्ञानिक समुदाय, नीति निर्माताओं और बड़े पैमाने पर उपयोगकर्ताओं द्वारा दुनिया भर में लोगों की भलाई के लिए छोटी फसलों द्वारा निभाई गई भूमिका की मान्यता बढ़ रही है। इस तरह की भूमिका को अब विभिन्न कारकों के कारण स्वीकार किया जा रहा है।

### भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

वर्तमान में, भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। (कृषि मंत्रालय द्वारा जारी बागवानी उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार)। इसके लिए प्रौद्योगिकी आधारित विकास की आवश्यकता है। बागवानी फसलें ग्रामीण लोगों की आय में सुधार करके भारत की अर्थव्यवस्था में एक अनूठी भूमिका निभाती हैं। इन फसलों की खेती श्रम गहन है और इस तरह वे ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार के बहुत सारे अवसर पैदा करती हैं। फलों के पौधे आनुवंशिक संसाधन किसी देश की संपत्ति होते हैं क्योंकि वे भोजन, चारा, कपड़ा, घर निर्माण सामग्री, विटामिन, खनिज और दवा के स्रोत होते हैं। कई फलों में जैम, जेली, कैंडी, चटनी, सॉस, अचार, जूस, सिरप, स्क्वैश, पेय, डिब्बाबंद और कटे हुए फल बनाने जैसे प्रसंस्करण गुण होते हैं जो उद्यमिता के निर्माण में मदद करते हैं।

### बागवानी फसलें देश में कुल कृषि उपज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती हैं

पिछले एक दशक में, फसल पैटर्न में बदलाव बागवानी क्षेत्र और वाणिज्यिक फसलों की ओर अधिक है। बागवानी फसलें देश में कुल कृषि उपज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती हैं, जिसमें फल, सब्जियां, जड़ और कंद फसलें, फूल, सजावटी पौधे, औषधीय और सुगंधित पौधे, मसाले, मसालों, बागान फसलें और मशरूम शामिल हैं।

### प्राकृतिक आपदा के समय सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करते हैं छोटे फल

छोटे फल उत्पादन, पैकेजिंग और बिक्री में शामिल उत्पादक, विक्रेता और श्रमिक इस क्षेत्र से अपनी आजीविका में सुधार कर सकते हैं। अधिकांश ग्रामीण घरों में एक घरेलू बगीचा होता है जो कई परिवारों के लिए आजीविका का स्रोत है और कठिनाई और प्राकृतिक आपदा के समय सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करता है।

### आजीविका सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण इकाई की स्थापना जरूरी

सतत आजीविका सुरक्षा के लिए लघु फलों का वैज्ञानिक मूल्य संवर्धन, लघु फलों की उन्नत किस्मों की शुरूआत, आय सृजन एवं मानव संसाधन विकास के लिए मूल्य संवर्धन द्वारा अल्प उपयोग में लाए गए लघु फलों के दोहन के लिए प्रदर्शन/प्रशिक्षण इकाई की स्थापना, संपर्क विकसित करना और बाजार आधारित विस्तार के लिए कृषक हित समूहों का गठन।प्रतिभागियों को मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, ग्रेडिंग, ब्रांडिंग और विपणन से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी से अवगत कराया जाएगा।

### कृषक महिला समूह बनाए जा सकते हैं

अधिक किसान/कृषक महिला समूह बनाए जा सकते हैं जो गांवों में अतिरिक्त आय के लिए अपने स्वयं के कृषि उद्यम स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। चूंकि जम्मू में ग्रामीण कंडी क्षेत्र में देसी आम, गलगल, चकोतरा, झामिरी, खट्टा, किम्ब, बेर, आंवला, जामुन, करोंदा, फालसा और बेल आदि जैसे पारंपरिक और छोटे फलों का प्रभुत्व है। लक्षित समूह (महिलाएं और युवा) को उनके ज्ञान और कौशल उन्नयन में वृद्धि के लिए विभिन्न प्रशिक्षण हस्तक्षेपों से अवगत कराया जा सकता है। ग्रेडिंग, पैकेजिंग ब्रांडिंग और विपणन जैसे कटाई के बाद के कार्यों पर प्रदर्शन/प्रशिक्षण ग्रामीण लोगों को स्वरोजगार और स्थानीय रूप से उपलब्ध छोटे फलों के मूल्यवर्धन को प्रोत्साहित करेगा।

### महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को जोड़कर घरेलू खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान करते हैं

कनेक्टिविटी के तेज़ साधनों जैसे आधुनिक और कुशल बुनियादी ढांचे की कमी से विशेष रूप से जल्दी खराब होने वाले फलों को जिले के मुख्य बाज़ारों तक पहुँचाने की समस्या बढ़ जाती है। यह उम्मीद की जाती है कि स्थायी आजीविका सुरक्षा, आय सृजन और मानव संसाधन विकास और संपर्क विकसित करने और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए लघु फलों के वैज्ञानिक मूल्य संवर्धन पर क्षमता निर्माण होगा। बाज़ार-आधारित-विस्तार के लिए किसान हित समूहों का गठन लक्ष्य समूह की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को ऊपर उठा सकता है। पारंपरिक और लघु फल गरीबी में कमी और आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ रोज़गार और आय सृजन के माध्यम से महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को जोड़कर घरेलू खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान करते हैं। लघु फल उत्पादन, पैकेजिंग और बिक्री में शामिल उत्पादक, विक्रेता और श्रमिक इस क्षेत्र से अपनी आजीविका में सुधार कर सकते हैं।

### गरीबी कम करने और आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ घरेलू खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं फल

ये फल गरीबी कम करने और आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ घरेलू खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी योगदान देते हैं, जिससे रोजगार और आय सृजन के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है। भारत में, पहाड़ी इलाकों में भूमि जोत पैटर्न से पता चलता है कि लगभग 90न्न किसान छोटे और सीमांत हैं; इसलिए, छोटे फल खेती के लिए आदर्श हैं क्योंकि उन्हें कम इनपुट की आवश्यकता होती है, कम उत्पादन लागत होती है जिसमें उच्च पोषक मूल्य और उच्च उपज शामिल है।

# सीएम हेमंत सोरेन पर बरसे गृह मंत्री शाह झारखंड सरकार को देश में सबसे भ्रष्ट बताया



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। साहिबगंज**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड के साहिबगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार को देश में सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड भाजपा अपनी परिवर्तन यात्रा शुरू कर रही है। यह यात्रा झारखंड के गांव-गांव तक जाएगी और बदलाव का संदेश देगी। हमें इस भ्रष्ट सरकार को हटाना है और भ्रष्टाचार रोकने वाली सरकार लानी है।

### 'घुसपैठिए जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के वोट बैंक

वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, घुसपैठिए लालू यादव की पार्टी, जेएमएम और राहुल बाबा की कांग्रेस के वोट बैंक हैं। वे अपने वोट बैंक के डर से घुसपैठ नहीं रोकते, हमारे राज्य में, संथाल में, घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है और वे आदिवासियों की संख्या से अधिक हैं, हेमंत सोरेन ने हर साल 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था, क्या उन्होंने वह दिया?

### सिद्धू-कान्हू को अमित शाह ने किया नमन

साहिबगंज में जनसभा को संबोधित करने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संथाल में ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाने वाले सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण भी किया। सिद्धू-कान्हू ने ही संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था।

### 'धीरज साहू के घर से बरामद पैसे किसके हैं?'

राज्य की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि क्या आप लोगों ने कभी 350 करोड़ रुपये देखे हैं? अगर आप भाजपा की वेबसाइट देखें तो आपको वह घटना दिखाई देगी जब कांग्रेस नेता धीरज साहू के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। मैं हेमंत सोरेन से पूछना चाहता हूं कि क्या वह राशि धीरज साहू की है? नहीं, यह संथाल के गरीब युवाओं का पैसा था।

# ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र डीवीसी के साथ करार तोड़ने की दी धमकी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में आई बाढ़ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। ममता ने मोदी को लिख पत्र ने कहा है कि, राज्य दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी संबंध तोड़ देगा क्योंकि उसने एकतरफा पानी छोड़ा है, जिसके कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। बता दें कि, डीवीसी की ओर से लगभग 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने की वजह से पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान, बीरभूम, बांकुड़ा, हावड़ा, हुगली, पूर्व मेदिनीपुर और पश्चिम मेदिनीपुर विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं। मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने बाढ़ से हुई व्यापक तबाही से निपटने के लिए तत्काल केंद्रीय निधि जारी करने का अनुरोध किया।

### ममता के बयान पर भड़के सुवेंदु अधिकारी

इस मामले पर अब बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी विधायक सुवेंदु अधिकारी ने की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि, अगर उन्होंने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से संबंध तोड़ लिए तो दक्षिणी बंगाल के कई जिले अंधेरे में डूब जाएंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल उठाया कि क्या बनर्जी खुद को प्रधानमंत्री के समकक्ष मानती हैं, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका बयान देश की संघीय भावना को कमजोर करता है। बीजेपी नेता ने आगे कहा कि, क्या वह इस तरह की टिप्पणियों के परिणामों से पूरी तरह वाकिफ हैं या फिर केवल जनता को सांत्वना देने के लिए ऐसा कर रही हैं? उन्होंने जोर देकर कहा कि, अगर ममता बनर्जी डीवीसी से संबंध तोड़ती हैं, तो आठ जिलों की बिजली चली जाएगी। क्या उन्हें यह एहसास नहीं है कि डीवीसी द्वारा संचालित बिजली संयंत्र दक्षिण बंगाल के एक बड़े हिस्से को बिजली की आपूर्ति करते हैं?

### '2009 से बड़ी बाढ़ का सामना कर रहे हैं दक्षिणी बंगाल'

ममता ने पत्र में लिखा कि, राज्य इस वक्त लोअर दामोदर और आसपास के इलाकों में 2009 के बाद सबसे बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस मामले पर गंभीरता से विचार करें और संबंधित मंत्रालयों को इन मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में संबोधित करने का निर्देश दें। जिसमें सबसे अधिक पीड़ित लोगों के हित में व्यापक बाढ़ प्रबंधन कार्य करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय निधियों की मंजूरी शामिल है। ममता बनर्जी ने मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि, मैं इसे मानव निर्मित बाढ़ कहने के लिए मजबूर हूं, यह एक ऐसी स्थिति है जो पूरी तरह से अनदेखी की वजह से उपजी है। हम महसूस करते हैं कि अगर इस मानव निर्मित आपदा को अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संतुलित बांध डैम मैनेजमेंट किया गया होता, तो हमारे लोगों को इस परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

# तहरीक-ए-तालिबान का पाक सेना पर बड़ा आतंकी हमला, छह जवानों की मौत

- हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने तलाशी अभियान छेड़ दिया है
- तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तानी सेना के 6 सैनिकों की मौत हो गई। रात के वक्त अचानक हुए इस आतंकी हमले में करीब 11 जवान घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने तलाशी अभियान छेड़ दिया है।

### आतंकियों को खत्म करने के लिए सर्च अभियान जारी

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिण वजीरिस्तान जिले की लाधा तहसील के मिष्ठा गांव में सुरक्षा चौकी पर टीटीपी आतंकवादियों के एक समूह ने हमला कर दिया। जिसमें छह सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आतंकियों के खात्मे के लिए सेना अभियान चल रहा है। यह हमला क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। टीटीपी इस क्षेत्र में सक्रिय है और सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर कई ऐसे हमले कर चुका है।

### रात के वक्त आतंकियों ने चौकी पर किया हमला

पाकिस्तान सेना के अधिकारियों ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि को एक सुरक्षा चौकी पर हुए आतंकवादी हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।



### वजीरिस्तान में मारे गए सात आतंकवादी

एक अन्य घटना में शुक्रवार को दक्षिणी वजीरिस्तान के वारसाक इलाके में हुई गोलीबारी में सात आतंकवादी मारे गए और दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी। पाकिस्तान सरकार लगातार अफगानिस्तान पर टीटीपी को शरण देना का आरोप लगाती रही है। जिसका अफगान की तालिबान सरकार खंडन करती रही है। 2021 में काबुल में तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिससे इस्लामाबाद में वो उम्मीदें धराशायी हो गई हैं, जिसमें उसे लग रहा था कि, अफगानिस्तान सरकार उसकी उग्रवाद से निपटने में मदद करेगी। इन आतंकी घटनाओं के चलते दोनों देशों के बीच संबंध हाल ही में तनावपूर्ण हो गए हैं। जिसका मुख्य कारण टीटीपी है। सीमा पर लगातार टीटीपी और पाकिस्तान सेना के बीच झड़पें हो रही हैं। टीटीपी की स्थापना 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के एक समूह के रूप में की गई थी। पाकिस्तानी सरकार ने आधिकारिक तौर पर इस प्रतिबंधित संगठन को फ़ितना अल-ख़वारिज घोषित किया हुआ है।



## जैसलमेर पोकरण फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान मोर्टार फटा, तीन बीएसएफ जवान घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जैसलमेर**

राजस्थान के जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। बीएसएफ बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों के अभ्यास के दौरान मोर्टार बम फटने से तीन जवान घायल हो गए। तीनों घायल जवानों को पोकरण के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, तीनों जवान बीएसएफ के ट्रेनी थे। नियमित अभ्यास सत्र के दौरान यह हादसा हुआ। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि घायल जवानों का उपचार जारी है, उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं, ताकि हादसे के असल कारणों का पता लगाया जा सके। फील्ड फायरिंग रेंज में ऐसे हादसे कम ही होते हैं, लेकिन इस घटना के बाद सुरक्षा मानकों पर फिर से चर्चा हो रही है। घायलों में जवान उदय और अभिषेक की हालत गंभीर होने की बात सामने आई है, जबकि तीसरा जवान सुविमल की हालत ठीक है, लेकिन डॉक्टर्स ने शुरुआती इलाज के बाद सभी घायल जवानों को जोधपुर रेफर कर दिया है।

## तिरुपति के लड्डुओं में चर्बी के आरोपों पर एक्शन में सरकार, नड्डा बोले

# मामले की जांच करेगा एफएसएसएआई



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी के इस्तेमाल के दावों के बाद विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा ने तिरुमाला लड्डू प्रसादम में मिलावट पर मुख्यमंत्री नायडू से फोन पर बात की है और आंध्र प्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) रिपोर्ट की जांच करेगा और पूरी जांच की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपीनड्डा ने तिरुपति प्रसादम विवाद पर कहा, जैसे ही मुझे खबर मिली मैंने चंद्रबाबू नायडू से बात की और इस बारे में जानकारी ली, मैंने उनसे कहा है कि उनके पास जो रिपोर्ट है, उसे मुझे भेजें। मैं इसकी जांच करूंगा और राज्य नियामक से भी बात करूंगा और जानूंगा कि उनका क्या कहना है। रिपोर्ट की पूरी तरह से जांच करने के बाद सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी, कानून और हमारे स्वस्थ्य के दायरे में जो भी आएगा, उसके तहत कार्रवाई की जाएगी।

### मामले की होगी गहरी जांचः खाद्य मंत्री

वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, आंध्र के मुख्यमंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। विस्तृत जांच की आवश्यकता है और दोषी को दंडित किया जाना चाहिए। बता दें कि, बुधवार को एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान नायडू ने दावा किया कि पिछली वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने तिरुपति मंदिर को भी नहीं बख्शा। पिछली सरकार में लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया।

### गिरिराज सिंह ने की फांसी की मांग

वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि तिरुपति प्रसादम मामले में सीबीआई जांच की जरूरत है। सीबीआई को जांच करनी चाहिए कि प्रसादम में इस्तेमाल होने वाले घी पर कितना पैसा खर्च हुआ? गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि, इसकी भी जांच होनी चाहिए कि क्या हिंदू धर्म को खत्म करने की साजिश की जा रही थी? जो लोग दोषी हैं उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये मामला सिर्फ घोटाले का नहीं है। आंध्र की वाईएसआर सरकार ने बड़े स्तर पर हिंदुओं का धर्मांतरण करवाने का काम किया था।

### टीडीपी प्रवक्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई थी लैब रिपोर्ट

टीडीपी के प्रवक्ता ए वेंकट रमण रेड्डी ने गुरुवार को अमरावती में एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया था कि, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा उपलब्ध कराए गए घी के नमूनों में मिलावट की पुष्टि हुई है। ये जांच गुजरात स्थित पशुधन प्रयोगशाला द्वारा की गई है।

### प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई को सामने आई थी

प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान टीडीपी प्रवक्ता ने प्रयोगशाला रिपोर्ट दिखाई थी। जिसमें कथित तौर पर दिए गए घी के नमूने में बीफ टैलो, लार्ड और 卐मछली का तेल मौजूद होने की पुष्टि की गई थी। घी के नूमने 9 जुलाई, 2024 को लिए गए थे और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई को सामने आई थी। हालांकि, आंध्र प्रदेश सरकार या टीटीडी की ओर से प्रयोगशाला रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं दूसरी ओर वाईएसआरसीपी नेताओं ने आरोपों से इनकार किया है।



## जालना में भीषण सड़क हादसा, बस-ट्रक की टक्कर में छह की मौत, कई घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के जालना जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक बस और ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें छह लोगों की मौत की खबर है। हादसे में 17 लोग घायल हुए हैं। हादसा शुक्रवार सुबह वादीगोदरी-जालना के रास्ते पर शाहपुर के नजदीक हुआ। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र सड़क परिवहन की बस गेवरई से जालना जा रही थी। वहीं संतरों से भरा ट्रक अंबाड से आ रहा था। शाहपुर के नजदीक दोनों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि घायलों को बस की खिड़कियां तोड़कर निकाला गया। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और 17 अन्य घायल हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अंबाड और जालना के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)